वर्ष 24, अंक 211, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 9 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रणनीतिक साझेदारी और आर्थिक विकास की ओर बढ़ते कदम

## आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं



**मलेशिया**

**भारत** और मलेशिया ने रविवार को अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नई ऊँचाई पर ले जाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच हुई व्यापक वार्ता के बाद, दोनों देशों ने व्यापार, रक्षा, और सेमीकंडक्टर जैसे भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के लिए 11 ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

**प्रमुख समझौते और आर्थिक सहयोग**

भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहाः आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है; कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।

**सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता**

दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक रूपरेखा समझौते सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 11 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे।

मोदी और इब्राहिम दोनों ने व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं - भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने भारत-मलेशिया संबंधों को विशेष बताते हुए कहा, ह्यह्यहम रणनीतिक विश्वास के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

**वाणिज्य दूतावास स्थापित**

उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा, हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं। मोदी ने मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के भारत के निर्णय की भी घोषणा की। अपने संबोधन में इब्राहिम ने भारत की आर्थिक वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि अगर उनका देश भारत के साथ सहयोग के और अधिक तरीके एवं अवसर तलाश सके तो उसे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा, यह (भारत की आर्थिक वृद्धि) अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और व्यापार के क्षेत्र में एक शानदार उन्नति है।

समुद्री सुरक्षा में सहयोग

उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करने के निर्णय को उल्लेखनीय बताया। वार्ता के दौरान मलेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे।

**आसियान-भारत व्यापार समझौता**

उन्होंने कहा, ह्यह्यकृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।ह्लह्ल उन्होंने यह भी कहा कि सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) फोरम में हुई चर्चाओं ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं। प्रधानमंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के रुख और इस क्षेत्र में 10 देशों के समूह वाले आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) की केंद्रीय भूमिका पर भारत के दृढ़ विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यहिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है।

**रक्षा और आतंकवाद पर कड़ा रुख**

भारत आसियान के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है।

# थर-थर कांपेगा पाकिस्तान!

## भारतीय वायुसेना की बढ़ेगी ताकत, मैक्रों के भारत दौरे पर 114 राफेल को लेकर हो सकती है डील



**नई दिल्ली**

18 से 20 फरवरी तक होने वाली अक समिट के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आएंगे. इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की फरवरी के दूसरे सप्ताह में बैठक होने वाली है. इस बैठक में रक्षा खरीद से संबंधित बड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा.

'टाइम्स ऑफ इंडिया' ने रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव अगले सप्ताह फ्रांस से 32 लाख करोड़ रुपये की लागत से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के लिए स्वीकृति देने का है. प्रस्तावित परियोजना में उन 18 विमानों की खरीद शामिल होगी जो तुरंत उड़ान भरने की स्थिति में होंगे तो वहीं कुछ विमानों का भारत में निर्माण किया जाएगा. जिनमें 60 फीसदी स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा.

फ्रांस से 114 राफेल विमानों को लेकर होगी डील

इस समझौते के तहत खरीदे जाने वाले 114 राफेल विमानों में से लगभग 80 फीसदी का निर्माण भारत में ही किया जाएगा. सूत्रों के अनुसार इस परियोजना के तहत भारतीय वायु सेना को 88 सिंगल सीटर और 26 दो-सीटर विमान मिलेंगे, जिनमें से अधिकांश का निर्माण डसॉल्ट और भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियों के सहयोग से भारत में किया जाएगा.

रक्षा खरीद बोर्ड द्वारा पिछले महीने मंजूरी दी जा चुकी है. हाई लेवल पर एक और मंजूरी मिलने के बाद तकनीकी और वाणिज्यिक वार्ता की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होगी. इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान इस सौदे को अंतिम रूप दिया जा सकता है. भारतीय वायु सेना वर्तमान में लगभग 30 लड़ाकू स्क्वाड्रन संचालित कर रही है, जो इसकी स्वीकृत 42 स्क्वाड्रन की क्षमता से काफी कम है, ऐसे समय में जब पाकिस्तान और चीन से खतरे की आशंकाएं बढ़ रही हैं.

पाकिस्तान-चीन गठबंधन ने बढ़ाई चिंता

रक्षा विश्लेषकों का मानना ??है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ते रणनीतिक गठबंधन ने क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को और बढ़ा दिया है. सौदा पूरा होने के बाद भारतीय वायु सेना के पास 150 राफेल विमानों का बेड़ा होगा, साथ ही भारतीय नौसेना के पास 26 विमान होंगे, जिनमें फ्रांसीसी विमानों का विमानवाहक पोत संस्करण शामिल होगा.

ऑपरेशन सिंदूर में राफेल का जलवा

ऑपरेशन सिंदूर ने इस 4.5 जेनरेशन के बादशाह राफेल के महत्व को दिखाया है, क्योंकि यह मेटियोर, स्कैल्प और लेजर-गाइडेड बम जैसी घातक मिसाइलों से लैस है।

# इंस्पेक्टर के बेटे को नौकरी, घायलों को एक-एक लाख...

## सूरजकुंड झूला हादसे पर सरकार का बड़ा ऐलान



**हरियाणा**

**हरियाणा** के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार (7 फरवरी 2026) को बड़ा हादसा हो गया. इस दौरान सुनामी झूला टूटने से 13 लोग घायल हो गए थे, इसमें एक इंस्पेक्टर की मौत भी हो गई थी. इस बीच हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने भी रविवार (8 फरवरी) को सूरजकुंड मेला पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर पूरे हादसे की जानकारी ली.

मंत्री राजेश नागर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. साथ ही वे अस्पताल जाकर पीड़ितों से भी मिले. मौके पर मौजूद अधिकारियों को भी लापरवाही नहीं बरतने का आदेश दिया. हादसे में राज्य पुलिस ने रविवार को सुरक्षा सुनिश्चित करने में लापरवाही बरतने के आरोप में राइड-ऑपरेटिंग कंपनी के मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया.

पीड़ितों से मिलने के बाद क्या बोले मंत्री?

सूरजकुंड मेले में हुई दुर्घटना पर हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने कहा, "मैं घायलों से अस्पताल में मिलकर आया हूं. सरकार घायलों के इलाज का खर्च उठाएगी, उन्हें 1 लाख रुपए अलग से भी दिए जाएंगे."

उन्होंने आगे कहा, "हमारे जिन इंस्पेक्टर की इस दुर्घटना में मौत हुई है, उनके एक बच्चे को सरकारी नौकरी के साथ आर्थिक मदद दी जाएगी. मामले में जांच कमेटी बनाई है।

# 'अमेरिका से तेल खरीदना भारत के हित में'- पीयूष गोयल



**अमेरिका**

**भारत** के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर बोलते हुए रूसी तेल खरीद को लेकर सीधे जवाब देने से परहेज किया. उनसे यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस शर्त को लेकर सवाल पूछा गया था कि भारत अगर रूस से तेल खरीदेगा तो उस पर 25 फीसदी टैरिफ का जुमार्ना फिर से लगा दिया जाएगा. इस दौरान पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका से तेल खरीदना भारत के हित में है.

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, 'अमेरिका से कच्चे तेल या LNG, LPG की खरीद भारत के अपने रणनीतिक हितों में है क्योंकि हम अपने तेल स्रोतों में विविधता ला रहे हैं।

# प्राइवेट चार्टर प्लेन क्रैश! इंजन फेल होने के बाद खेतों में करनी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग



**कर्नाटक**

**कर्नाटक** के विजयपुरा जिले से रविवार (8 फरवरी, 2026) को एक बड़े विमान हादसे की खबर सामने आई है। रेडबर्ड एविएशन का एक छोटा ट्रेनिंग विमान तकनीकी खराबी के बाद बालेश्वर तालुक के मंगलुरु गांव में क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में विमान के परखच्चे उड़ गए, लेकिन चमत्कारिक रूप से इसमें सवार दोनों पायलटों की जान बच गई।

कैसे हुआ हादसा?

विमान ने कलबुर्गी से बेलगावी के लिए एक नियमित ट्रेनिंग उड़ान भरी थी। उड़ान के दौरान जब विमान मंगलुरु गांव के ऊपर था, तभी उसके इंजन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। कैप्टन और ट्रेनी पायलट ने हवा में ही इंजन को फिर से शुरू करने की कोशिश की, लेकिन इंजन पूरी तरह फेल हो गया। विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और पायलटों को आबादी वाले इलाके से दूर एक खुले खेत में इमरजेंसी लैंडिंग करने का कठिन फैसला लेना पड़ा।

# देश के संतुलन के लिए जरूरी हैं 3 बच्चे- मोहन भागवत

**नई दिल्ली**

**आरएसएस** के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को देश के कई जरूरी मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत को मजबूत बनाने के लिए सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि आम जनता और समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा।

परिवार को लेकर क्या सलाह दी?

जनसंख्या के मुद्दे पर मोहन भागवत ने कहा कि समाज को संतुलित रखने के लिए परिवारों में तीन बच्चों का होना जरूरी है। उन्होंने इसके पीछे पुराने अनुभवों और सेहत से जुड़े कारणों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि शादी सिर्फ दो लोगों का मामला नहीं है, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है। भागवत जी ने आबादी के बिगड़ते संतुलन के तीन बड़े कारण बताए, जिनमें बच्चों के जन्म की दर, धर्म परिवर्तन और बाहर से आने वाले घुसपैठिए शामिल हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

# बजट सत्र से पहले अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर साधा निशाना



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा का बजट सोमवार (09 फरवरी) से शुरू होने जा रहा है. यह बजट सत्र 20 फरवरी तक चलेगा. विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है. इस बीच बजट सत्र शुरू होने से पहले रविवार (08 फरवरी) को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी को घेरा है. उन्होंने कहा कि बीजेपी अगले बजट को लेकर झूठ की बखान करे, उससे पहले जनता का ये हक है कि वो पिछले बजट की सच्चाई को जानें.

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "इससे पहले कि भाजपा अगले बजट का झूठ बखाने, उससे पहले जनता का हक बनता है कि पिछले बजट की सच्चाई जाने. भाजपाई आत्मप्रचार का बजट शत-प्रतिशत से भी ज्यादा खर्च करते हैं."

अखिलेश यादव ने सपा विधायकों के साथ की बैठक

बजट सत्र की शुरूआत से पहले समाजवादी पार्टी के मुखिया और प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में पार्टी के विधायकों के साथ बैठक भी की. इस दौरान उन्होंने विधायकों को सत्र के दौरान सरकार को घेरने की रणनीति बताई. मीटिंग में संगठनात्मक मुद्दों के साथ-साथ चुनावी प्रक्रिया और कथित गड़बड़ियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया.

अखिलेश यादव का सरकार पर आरोप

बैठक के बाद अखिलेश यादव ने कहा, "पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी ने फॉर्म-7 को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे. सरकार ने कुछ पेशेवर एजेंसियों को हायर किया है, जिनके लोग दिल्ली, लखनऊ समेत देश के विभिन्न स्थानों पर बैठकर वोटर्स लिस्ट का पूरा डेटा विश्लेषण कर रहे हैं. ये एजेंसियां मतदाता सूची के आधार पर उन बूथों की पहचान कर रही हैं, जहां सपा चुनाव जीतती रही है."

यूपी बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

उत्तर प्रदेश में बजट सत्र से पहले रविवार (08 फरवरी) को सर्वदलीय बैठक भी हुई।

# दरभंगा में 6 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या, तेजस्वी यादव ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल



**बिहार**

**बिहार** के दरभंगा में एक 6 साल की नाबालिग बच्ची के साथ रेप कर उसकी हत्या कर दी गई. घटना के बाद इलाके में अराजकता का माहौल पैदा हो गया है. इस घटना पर इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है.

इसी बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने लिखा कि बिहार के दरभंगा में 6 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म बाद नृशंस हत्या कर दी गई है. बिहार में पीड़ितों और गरीबों की कहीं कोई सुनने वाला नहीं.

तेजस्वी यादव ने खड़े किए सवाल

तेजस्वी यादव ने आगे लिखा कि पुलिस की रिकॉर्डतोड़ नाकामयाबी, कम दोष-सिद्धि दर और ज्वलंत घटनाओं पर मुख्यमंत्री की अनभिज्ञता के चलते जनता अब सड़कों पर उतर चुकी है. उन्होंने लिखा कि प्रदेश में चहुंओर अराजकता और अव्यवस्था का आलम है. विधि व्यवस्था चरमरा गई है. अपराधियों और सत्ताधारी नेताओं के गठजोड़ में जनता पिस रही है. हाल के दिनों में बहन-बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है.

तेजस्वी यादव ने साझा की हालिया घटनाओं की सूची

पटना में ठएएळ छात्रा की दुष्कर्म उपरांत हत्या

मधेपुरा में महिला की दुष्कर्म उपरांत हत्या

खगड़िया में 4 वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म उपरांत हत्या

मुजफ्फरपुर में महिला की अपहरण बाद हत्या।

# पप्पू यादव को भेजा गया बेउर जेल

## पूर्णिया सांसद को स्ट्रेचर पर PMCH से लेकर गई पटना पुलिस



**बिहार**

**बिहार** के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. सांसद को पटना मेडिकल कॉलेज से बेउर जेल भेजा गया है. पप्पू यादव को ढटउऌ में स्ट्रेचर से बाहर लाया गया. इसके बाद पटना पुलिस उन्हें बेउर जेल ले गई.

पप्पू यादव को शुक्रवार (6 फरवरी) की रात पूर्णिया से पटना पुलिस ने गिरफ्तार किया था. इसके बाद उनक तबीयत बिगड़ने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें शनिवार (7 फरवरी) को कोर्ट में पेश किया गया. पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में पटना पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया था. यह मामला 1995 में गर्दनीबाग पुलिस स्टेशन में दर्ज धोखाधड़ी विवाद से जुड़ा है.

कोर्ट ने दिया था ये आदेश

एमपी/एमएलए कोर्ट में शनिवार (7 फरवरी) को पेशी के दौरान मामले की सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए सोमवार (9 फरवरी) तक के लिए ढटउऌ में ही रखने का आदेश दिया था. कोर्ट ने यह भी कहा था कि जमानत के संबंध में अगली सुनवाई सोमवार को होगी. तब ही दोनों पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी.

कोर्ट के इस फैसले के बाद अब सोमवार से पहले ही उन्हें पटना पुलिस बेउर जेल ले गई है. जेल जाते वक्त पप्पू यादव स्ट्रेचर पर लेटे हुए नजर आ रहे हैं. उनके साथ पुलिस और समर्थक भी नजर आ रहे हैं. सोमवार को पटना के एमपी/एमएलए कोर्ट में पप्पू यादव की पेशी है. इस दौरान पप्पू यादव की जमानत याचिका दायर की जाएगी.

पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर सड़कों पर उतरी कांग्रेस 4

पटना के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही एक छात्रा की मौत के मामले में दोषियों के अब तक गिरफ्तार नहीं होने तथा न्याय के लिए आवाज उठाने वाले सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ बिहार कांग्रेस के नेता रविवार (8 फरवरी) को सड़क पर उतरे।

# आम जनता, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण का बजट : नीरज त्रिपाठी

**प्रदेश के विकास को नई रफ्तार देगा बजट : विधायक वाचस्पति**

**बारा विधानसभा चौपाल में केन्द्रीय बजट 2026 पर हुआ जसरा में मंथन**

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** केन्द्रीय बजट 2026 को लेकर रविवार को बारा विधानसभा स्तरीय चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार जसरा में मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी रह चुके नीरज त्रिपाठी रहे।

मुख्य अतिथि नीरज त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बजट पहली बार कर्तव्य आधारित, समावेशी और आर्थिक विकास को गति देने वाला है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना के अनुरूप जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता के हितों को प्राथमिकता देता है। युवाओं के सपनों को साकार करने वाला, किसानों के लिए संबल और सुरक्षा प्रदान करने वाला तथा महिलाओं के सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने वाला है। यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग के लिए राहत भरा, शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाला, रोजगार सृजन की दिशा में मजबूत कदम तथा ग्रामीण व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की नींव को सुदृढ़ करने वाला बजट है।



विशिष्ट अतिथि बारा विधायक डॉ० वाचस्पति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने यह बजट जनता के लिए वरदान के रूप में दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। जबकि भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कार्य कर जनता का विश्वास जीता है। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार ने किया।




चौपाल में जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जय सिंह पटेल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, आईटी प्रमुख सतीश विश्वकर्मा, मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, राजमणि पासवान, भूपेन्द्र पाठक, मंडल अध्यक्ष आशीष पाल, दिनेश प्रजापति, बंदना सिंह, वीरेंद्र शुक्ल, रत्नाकर सिंह पटेल, अधिवक्ता सुभाष तिवारी,अनिल मिश्र, सहित विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## एस0पी0एस0एन0 कॉलेज के मेधावी सम्मान समारोह में विधायक ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** रविवार को वजीरपुर स्थित एस० पी० एस० एन० इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपक पटेल ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। विधायक ने कहा कि आज के छात्र ही कल के भविष्य हैं ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। सदस्य विधान परिषद सुरेंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करते हुए लक्ष्य हांसिल करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधायक दीपक पटेल एवं विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने विद्यालय के विकास के लिए अपनी निधि से पांच पांच लाख रुपए अनुदान देने की भी घोषणा की।



इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुपम त्रिपाठी, प्रबंध समिति सदस्य शशिकांत त्रिपाठी, आलोक कुमार त्रिपाठी, अरुण मिश्रा उर्फ पिंटू नेता, कपिल पटेल, मानवेन्द्र सिंह उर्फ जेलर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश शुक्ला, डब्लू पाण्डेय, प्रबंधक विनय तिवारी, विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, भूपेन्द्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## विमल तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पसना तिराहे पर शिवम मिश्रा के नेतृत्व में हुआ स्वागत



अखंड भारत संदेश

**पसना।** राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी का पसना तिराहे पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने सवर्ण समाज के लोगों से मुलाकात की और यूजीसी एक्ट की कमियों पर प्रकाश डाला। तिवारी ने कोरांव में आयोजित सवर्ण समाज की संगोष्ठी में शामिल होने की अपील भी की। पंडित विमल तिवारी कोरांव कस्बे में आयोजित स्वर्ण समाज संगोष्ठी में शामिल होने जा रहे थे, तभी वे पसना तिराहे पर रुके। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) के तहसील अध्यक्ष शिवम मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंडित विद्याधर शर्मा, कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडे, धीरज मिश्रा, डॉ. आनंद सिंह, सुरेशचंद्र मिश्रा, लक्ष्मीशंकर मिश्र, रमेश मिश्रा, सुनील मिश्रा सहित कई अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध मौत, घर में मचा कोहराम

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 अंतर्गत रावण टोला मोहल्ले में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविन्द (लगभग 30 वर्ष) पुत्र रामबाबू निवासी वार्ड नंबर 2 रावण टोला, शंकरगढ़ के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गोविन्द की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। मृतक के पिता रामबाबू वर्तमान में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं।घटना की जानकारी संबंधित पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

# स्वर्ण जयंती वर्ष पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम अतिथियों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट






अखंड भारत संदेश

**करछना।** श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कालेज पटेल नगर अकोढ़ा, कौंधियारा ने अपने स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष को बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक एवं ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इन्द्रनाथ मिश्र ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक पी. एन. सिंह व अपर महाधिवक्ता व निर्वतमान सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम्, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पी. एन. सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए शिक्षा एवं अध्यात्म के क्षेत्र में विद्यालय के संस्थापक, पूर्व विधायक स्वर्गीय पं. रमाकांत मिश्र के योगदान को स्मरण किया। अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से शैक्षणिक उन्नति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्र नाथ मिश्र ,ब्लॉक प्रमुख करछना कमलेश द्विवेदी, प्रधानाचार्य डा. पी. पी. सिंह, डा. संतोष सिंह, दुर्गेश शांडिल्य समीक्षा अधिकारी लोक सेवा आयोग, आपूर्ति निरीक्षक अजय शुक्ल, मदन मोहन शंखधर, डा. मणि शंकर द्विवेदी, रामानन्द त्रिपाठी, अधिवक्ता सुभाष तिवारी, नागेंद्र पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, डायरेक्टर संजीव तिवारी, मनीष तिवारी, ओम मिश्र, सहायक पुलिस आयुक्त अब्दुल सलाम खान, थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजेश कन्नौजिया, ग्राम प्रधान अकोढ़ा मनोज कुशवाहा, समर बहादुर सिंह, देवदत्त प्रजापति, नागेन्द्र पाण्डेय, रामानंद त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अंत में प्रबंधक राजेन्द्र मिश्र ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# फिल्म 'घूसखोर पंडित' पर ब्राह्मण समाज का आक्रोश, मनोज बाजपेई व निर्देशक नीरज पांडे का किया पुतला दहन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज फिल्म घूसखोर पंडित को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी देखी जा रही है। फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेई द्वारा निभाए गए पुलिस अधिकारी 'पंडित' के किरदार को लेकर नवयुवक ब्राह्मण समाज प्रयागराज, उत्तर प्रदेश ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन का आरोप है कि इस किरदार के माध्यम से पूरे ब्राह्मण समाज को गलत और आपत्तिजनक तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे समाज की धार्मिक व सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने कहा कि फिल्म का शीर्षक और संवाद दोनों ही ब्राह्मण समाज की छवि को ठेस पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्म में ब्राह्मणों को घूसखोर दिखाते हुए आपत्तिजनक शब्दों और संवादों का प्रयोग किया गया है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है।



विरोध के दौरान संगठन के सदस्यों ने फिल्म निर्देशक नीरज पांडे और अभिनेता मनोज बाजपेई का पुतला दहन किया। साथ ही सेंसर बोर्ड पर गलत तरीके से फिल्म को पास करने का आरोप लगाते हुए सरकार से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संतोष द्विवेदी, कृष्ण देव द्विवेदी, कपिल द्विवेदी, विजय तिवारी, ललित, राजमणि शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, विनोद शुक्ला, दीपू तिवारी, मुन्ना शुक्ला, विवेक, विनय, आशीष एवं प्रवेश सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## सहसों में डॉ. राजेंद्र कुमारी बाजपेई की मनाई गई 102वीं जयंती

**सहसों।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र कुमारी बाजपेई की 102वीं जयंती रविवार को सहसों में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद त्रिपाठी आजाद ने कहा कि डॉ. बाजपेई राजनीति में सादगी, ईमानदारी और सेवा भावना की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने न केवल इलाहाबाद के विकास में अहम भूमिका निभाई, बल्कि देश व प्रदेश के विकास में भी उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों की विरासत आज भी जीवंत है, जिसका जीता जागता उदाहरण उनकी तीसरी पीढ़ी में उनके पौत्र हर्षवर्धन बाजपेई, जो विधायक के रूप में जनता का नेतृत्व करते हुए विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर



पर जय प्रकाश द्विवेदी, आनंद मिश्रा, वेदमणि त्रिपाठी, अजीत पांडे, भूपेंद्र मिश्रा, अमन मिश्रा, दीपू मिश्रा, संतोष मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे और पूर्व राज्यपाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में मांडा निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं विकास निगम के पूर्व चेयरमैन, लगभग 70 वर्षीय रमेश चंद्र पांडे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के करेहा गांव के समीप रविवार को मोटरसाइकिल सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के पालपुर गांव निवासी अजीत निषाद (20) पुत्र पप्पू निषाद की मौत हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक अजीत निषाद के भाई रोहित ने बताया कि उसका भाई अपने दोस्त मनी के साथ मोटरसाइकिल से करछना बालू का काम करने जा रहा था। रास्ते में करेहा गांव के समीप स्थित स्कूल की दीवार में अचानक मोटरसाइकिल जा भिड़ी। घटना में अजीत गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे लोगों ने उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राजेश सरोज बने भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**जसरा।** भीम सेना के तेरहवें स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम के बीच राजेश सुमन को राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से घोषित किया गया। जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। गैर राजनैतिक संगठन भीमसेना विगत तेरह वर्षों से क्षेत्र में वंचित समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, रोजगार आदि के विषय में अनवरत संचालित हो रही है। अब तक मुख्य संरक्षक के पद पर कार्य कर रहे राजेश सरोज को रविवार को हुए भव्य समारोह में संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। राजेश सुमन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर के द्वारा बताए गए रास्ते पर चलते हुए वंचित समाज के विकास हेतु निरन्तर प्रयासरत रहना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर डॉ० सनाउल्ला खान, सत्येंद्र सिंह, राममिलन गिरी, रामायण पाण्डेय, महेंद्र पटेल, राकेश यादव, अयोध्या पाल, राजेश पाल, वसीम अहमद, शरद मिश्र, दशरथ लाल भारती, राकेश आदिवासी, बालगोविंद भारती सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं सैकड़ों भीमसेना के लोग उपस्थित रहे।

# रोटरी इलाहाबाद द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन प्रयागराज

**जसरा।** रविवार को रोटरी इलाहाबाद के अध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल ने समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन एच. एल. जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल जारी बाजार में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में जरूरतमंद नागरिकों की आँखों की जाँच की गई तथा चयनित मोतियाबिंद के मरीजों को तत्काल निःशुल्क बस/कार द्वारा आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल, वाराणसी के लिए भेज दिया गया। जहाँ उनके ऑपरेशन, उपचार, दवाइयों एवं भोजन की समस्त व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क की गई है। कार्यक्रम के दौरान रोटरी प्रयागराज के अध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल ने कहा कि रोटरी इलाहाबाद का उद्देश्य केवल सेवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के वंचित एवं असहाय वर्ग के जीवन में आशा, विश्वास और आत्म सम्मान की रोशनी लौटाना परम कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि ऐसे सेवा प्रकल्प रोटरी की मूल भावना ह्लसेवा ही सर्वोपरिह्व को साकार करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईपीपी आरपीएन शशांक जैन आई कैम्प प्रोजेक्ट प्रयागराज रीजन का अध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। साथ ही आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों एवं एच. एल. जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक का भी अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। आईसीटी आरटीएन शशांक जैन ने कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि मानव सेवा का एक जीवंत संकल्प है। रोटरी के माध्यम से हम सभी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। जब किसी जरूरतमंद की आँखों में फिर से रोशनी लौटती है, वही हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान और रोटरी सेवा की सच्ची सफलता है। शिविर में आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन अजय अग्रवाल द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी रोटेरियन सदस्यों, चिकित्सकों, विद्यालय प्रबंधन, स्वयंसेवकों एवं सहयोगकताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।




यह शिविर रोटरी इलाहाबाद की सामाजिक प्रतिबद्धता, सेवा भावना एवं मानवीय मूल्यों का एक प्रेरणादायक उदाहरण सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में क्लब मेम्बर भी उपस्थित रहे।

# समस्याओं के निदान हेतु ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र का जसरा में लगा दिव्य दरबार

**मोह माया से मुक्त होकर करें मानव सेवा ....संत जय महाराज**





**जसरा।** शनिवार को ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र का दिव्य दरबार जसरा में संत जय महाराज ने लगाया। उन्होंने बताया कि ईश्वर को मन में जगह देने मात्र से कष्ट दूर होते हैं, इसके लिए हमें हर तरह के मोह माया से दूर होकर ईश्वर की शरण में जाना होगा। हमें सुख की तरह दुःख में भी ईश्वर को नहीं भूलना चाहिए। आज कल की युवा पीढ़ी से मै यही कहना चाहूंगा कि माता पिता की सेवा भी जरूर करें, क्योंकि ईश्वर का दूसरा रूप माता पिता ही हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में जसरा के भक्त ने संतान प्राप्ति के बाद गाजे बाजे के साथ निशान चढ़ाया।

बता दें कि पूरे भारत देश में लगने वाला यह दिव्य दरबार प्रत्येक महीने कहीं न कहीं लगता ही है। जैसे ही भक्तों को जानकारी मिलती है अपनी सुविधा अनुसार भक्त दरबार में पहुंचते है और बिना किसी शुःल्क के लाभ प्राप्त करते हैं।संत जय महाराज ने बताया कि दरबार में भक्तों से किसी भी तरह का कोई शुःल्क या चढ़ावा नहीं लिया जाता। दरबार में भारत के कोने कोने से लोग आते हैं। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र पंडित ने किया।

दरबार में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, दिल्ली, मुंबई, मिजार्पुर, चंदौली, बलिया, से मरीज पहुंचे थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य कृष्णा नन्द शुक्ल,साध्वी नंदिनी महराज,रवि यादव,अनंत त्रिपाठी, आलोक पाठक, अभय मिश्रा, कृपा सिंधु त्रिपाठी, दीपू पाठक, ऋतिक पाण्डेय, अतुल महाकाल, विनीत दुबे, सोनू, राजू सेठ, शिवम, रवि, बिप्पू, जानकी, राधिका, पार्वती, सुमन, गीता देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# विराट किसान मेले के चौथे दिन उमड़ा किसानों का सैलाब

## आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती पर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** कृषि विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय विराट किसान मेले के चौथे दिन माघ मेला क्षेत्र स्थित सेक्टर-3 के गंगा पंडाल में किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार को विशिष्ट अतिथि की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कृषि से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक खेती और कम लागत में अधिक उत्पादन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मेले में कृषि विभाग के अंतर्गत खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन, सोलर पंप, ड्रोन सहित विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा डेयरी विभाग, उद्यान विभाग और विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों की ओर से 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनका विशिष्ट अतिथियों और किसानों ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) प्रयागराज मंडल, प्रसार निदेशक शुआट्स, भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण, फूलपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक उमेश कुमार पटेल सहित कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिले के लगभग 650 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीती त्रिपाठी ने किया।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनीष सिंह ने मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती को सतत कृषि का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी और मानव स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। उन्होंने कम लागत और कम संसाधनों में होने वाली मिलेट्स की खेती को विश्व बाजार से जोड़ने पर जोर दिया।

फूलपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक उमेश कुमार पटेल ने बताया कि कृषकों के समूह के माध्यम से प्रयागराज के किसान अपनी देशी भिंडी का निर्यात दुबई जैसे देशों में कर रहे हैं, जिससे उन्हें स्थानीय बाजार की तुलना में बेहतर मूल्य मिल रहा है। शुआट्स नैनी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने पशु पोषण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ पशु ही पोषक उत्पाद दे सकता है, जिससे मानव स्वास्थ्य और देश की सेहत मजबूत होती है। वहीं केवीके कौशाम्बी के वैज्ञानिक डॉ. अमित केसरी ने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए रासायनिक उर्वरकों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी और गोबर की खाद, जीवामृत, बीजामृत जैसे जैविक संसाधनों को अपनाने की अपील की।

केवीके नैनी के वैज्ञानिक डॉ. जीपीएम सिंह ने फार्म मशीनरी बैंक की उपयोगिता बताते हुए आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग पर जानकारी दी। ब्रह्माकुमारी संस्था से आए प्रतिनिधि जीपी सिंह ने यौगिक खेती की पद्धति पर चर्चा करते हुए इसे रसायन मुक्त और सात्विक उत्पादन का माध्यम बताया।

कार्यक्रम में केवीके प्रयागराज के वैज्ञानिक डॉ. मुकेश पी. मसीह ने कम लागत में अधिक उत्पादन के उपाय बताए। वहीं डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने पशुपालन को कृषि से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ती है और मृदा उर्वरता में भी सुधार होता है।

उप कृषि निदेशक प्रयागराज ने किसानों को कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से जुड़ने और फार्मर रजिस्ट्री कराने का आह्वान किया, ताकि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। अंत में उप कृषि निदेशक ने किसानों, अधिकारियों और मीडिया का आभार जताते हुए चौथे दिन के कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## अरैल में ट्रैक्टर की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी





**नैनी।** नैनी अरैल बांध रोड शिवालय पार्क के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार चालक को मामूली चोटें आईं। जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सड़क के बीच खड़े ट्रैक्टर को किनारे कराया और कार को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी देवरख के समीप स्थित एक अपार्टमेंट में रहने वाले सूरज कुमार पुत्र हरि शंकर रविवार सुबह अपनी कार से सिविल लाइंस की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह शिवालय पार्क के पास पहुंचे नीचे की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर ने सामने से उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घायल सूरज कुमार ने बताया कि वह अपने फ्लैट से सिविल लाइंस जाने के लिए निकले थे तभी अचानक ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दी और उनकी कार खाई में चली गई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वही मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गया था।

## महिला शिक्षक संघ प्रयागराज इकाई ने मनाया पांचवां स्थापना दिवस, संगठन की एकजुटता दिखी






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रयागराज इकाई ने रविवार को अपने पांचवें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया। आदर्श संविलयन विद्यालय, एलनगंज में आयोजित समारोह का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका सुलोचना मौर्य के निर्देशन तथा जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर वंदना से हुई, जिसके बाद सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियां मनाईं। इसके पश्चात जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह ने संगठन की स्थापना, उद्देश्य और अब तक किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

समारोह के दौरान विभिन्न ब्लॉकों की अध्यक्षों और महामंत्रियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की भूमिका और महिला शिक्षकों के हित में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम के समापन से पूर्व जिला महामंत्री संगीता सिंह भदौरिया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने मिष्ठान एवं स्वल्पाहार ग्रहण कर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव, सरबजीत, प्रतिभा सिंह, सरिता सिन्हा, शिखा पांडे, अनुपमा, रचना मौर्या सहित जिला टीम से कविता त्रिपाठी, पूनम यादव, रचना भटनागर, आशा शर्मा, शुचिता पाण्डेय, अलका जायसवाल, माया गिरी समेत बड़ी संख्या में महिला शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

# स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई

### अच्छी शिक्षा ही अच्छे व्यक्तित्व की ओर बढ़ाती है. : निदेशक संजय शुक्ला

अखंड भारत संदेश



अनुशासन एवं विद्यालय के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

**थरवई।** शिक्षा के क्षेत्र में चर्चित स्कूल स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल में 12 वीं के बच्चों को सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह का वातावरण वहीं उनकी भावनाओं में अपने शिक्षकों व विद्यालय के प्रति एक यादगार पल के रूप निखरता दिखा। बच्चों ने बतालाया कि विद्यालय एक ज्ञान का मंदिर है जहां शिक्षा व करियर के द्वार खुलते हैं वहीं बच्चों ने यह भी कहा कि यह विद्यालय शिक्षा और संस्कार क्या होता है हमें सिखाया जो हमारे गौरव का केंद्र है। हमारी यही आगे बढ़ने एवं उच्च शिक्षा की ओर बढ़ने में मददगार है। इस भव्य कार्यक्रम के अवसर पर अंजली प्रजापति को मिस फेयरवेल तथा अंश विश्वकर्मा को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। दोनों विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट व्यक्तित्व, अनुशासन एवं विद्यालय के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

विद्यालय के निदेशक संजय शुक्ला एवं प्रधानाचार्य नीरज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का स्थान नहीं बल्कि संस्कार एवं अच्छे समाज व अच्छे व्यक्तित्व निर्माण का मंदिर है। कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राएँ अब जीवन के एक नए पड़ाव एवं उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगे जहाँ उन्हें अपने ज्ञान और मूल्यों के आधार पर सफलता अर्जित करनी है।

विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं जिनमें नृत्य, गीत एवं कविता पाठ शामिल थे। बच्चों की इस मधुर मधुर प्रस्तुतियों ने सभी के मन मोह लिया एवं उपस्थित सभी ने उनका तालियों के उत्साहवर्धन बढ़ाते रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए दोपहर के भोज का विशेष आयोजन किया गया जहाँ सभी ने मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। साथ ही, केक काटकर इस विशेष दिन की खुशियों को साझा किया गया। वहीं इस विदाई को लेकर विद्यार्थियों और शिक्षकों की आँखें नम थीं। परंतु हृदय गर्व और शुभकामनाओं से भरे हुए थे। इस दौरान निदेशक संजय शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विदाई केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि यादों और स्नेह से भरा एक अविस्मरणीय क्षण बन गया। यह विदाई दूर होना नहीं अपितु अब शिक्षा का स्तर को बढ़ने का समय आ गया जहां से आगे की पढ़ाई को बढ़ाना है और एक अच्छे मुकाम को हासिल कर अपने देश व विद्यालय साथ माता पिता का नाम गर्व से ऊँचा करना है जिसके साथ ही उपस्थित सभी बच्चों ऐसे ही आगे बढ़ना है और नाम को रोशन करना है। विद्यालय परिवार ने कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर में समर्पण समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** रविवार को विद्या भारती समूह द्वारा समर्पण समारोह का आयोजन ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह के नेतृत्व में समर्पण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानगर के पदाधिकारी समिति के पदाधिकारी समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य समस्त आचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। समर्पण समारोह के मुख्य वक्ता विजय उपाध्याय ने विद्या भारती समूह की शिक्षा यात्रा के ऊपर प्रकाश डाला। मार्गदर्शन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के मंत्री शरद गुप्ता ने धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाई। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर की उपाध्यक्ष उषा देवी भी इस मौके पर मौजूद रहीं। मुख्य वक्ता अभिषेक उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा की 1952 में इस संस्था की ने रखी गई थी उस समय सरस्वती शिशु मंदिर योजना के तहत विद्यालयों का संचालन होता था। समूह की यात्रा बहुत ही कठिन मार्ग से गुजरती हुई आगे बढ़ी। संस्था में मौजूद विद्वानों ने शिक्षण पर बल दिया। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि हमारा संस्थान समाज से पोषित होता है और उस धनराशि का हम संस्था को खड़ा करने में उपयोग करते हैं। विद्या भारती समूह के 25000 विद्यालय हैं जिसमें लगभग 2 लाख आचार्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समर्पण चाहे ध्येय का हो या धनराशि का हो छात्र-छात्राओं के अंदर समर्पण का भाव होना बहुत ही आवश्यक है। हम बच्चों से अन्नदान भी ग्रहण करते हैं। संग्रह करना हमारा उद्देश्य है। जिसमें राशि संग्रह करना भी एक कार्य है। जिसका सदुपयोग समूह को और विद्यालयों को आगे बढ़ाने में किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में मौजूद सदस्यों ने समर्पण सहयोग के तहत शिक्षा से धनराशि अर्पित की। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। इस मौके पर कई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों में दिनेश कुमार पाण्डेय, सुरेश चंद्र तिवारी, अजय कुमार मिश्र आदि सहित कई प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे।



## जी.एस.के इंस्टीट्यूट, हनुमानगंज में ओ लेबल के छात्रों की भावपूर्ण विदाई

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के हनुमानगंज स्थित जी.एस. के. इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में ओ लेबल के छात्र-छात्राओं को सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के पूजन से हुई। इसके बाद छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक श्री मनोज कुमार कुशवाहा ने सभी छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। विदाई के भावुक क्षणों में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और अपने शिक्षण काल की यादों को ताजा किया।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम रहे अजित पवार की अस्थियां संगम में विसर्जित, बेटे जय ने पूरी की रस्म

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में विसर्जित की गईं। पुत्र जय पवार और बहू समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रयागराज पहुंचे। जय पावर ने विधि-विधान से पूजन और रस्मों को पूरा करने के बाद त्रिवेणी में अस्थियों को विसर्जित किया। जिला प्रशासन की ओर से संगम तट पर विसर्जन के लिए विशेष इंतजाम किया गया। पुणे से नंगे पांव महाराष्ट्र से प्रयागराज पहुंचे जय पवार और उनकी पत्नी के साथ अभिषेक बोके, रणजीत पंवार, दीप्ति घाटगे, अभिजीत पवार, राजकुमार भाले, रामचन्द्र चोबे (पीएसओ), नीता पाटिल, शेरिन वर्गीस आदि रहे। एनसीपी के स्थानीय नेता भी कलश यात्रा में शामिल हुए। प्रयागराज एयपोर्ट पर पहुंचने पर बड़ी संख्या में स्थानीय नेताओं ने आगवानी की और सड़क मार्ग से संगम तट पर लेकर पहुंचे। घाट पर पूजन के बाद जेटी के माध्यम से संगम में अस्थियां विसर्जित की गईं। संगम में प्रवाहित हुई अजित पवार की अस्थियां, बेटे जय पवार समेत करीबी रहे मौजूद

दिवंगत राजनेता अजित पवार का तीन पवित्र नदियों के मिलन संगम में बेटे जय पवार नें पुरोहितों की मौजूदगी में अस्थि कलश पूजा के बाद विधि-विधान से विसर्जन किया। महाराष्ट्र के बारामती से शनिवार सुबह जैट विमान से परिवार के सदस्यों और करीबियों के साथ आये जय पवार नें संगम पहुंच कर अपने पिता को सनातनी परंपरा के अनुसार संगम के वीआईपी घाट पर अस्थि कलश प्रवाहित किया।

## सरकारी भूमि खाली कराने पहुंचे प्रधान, भड़के अतिक्रमणकारी

### करछना ब्लाक के गधियाव ग्राम प्रधान को दी गालियां व धमकी

अखंड भारत संदेश



**करछना।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा गंधियांव में स्थित सरकारी भीटा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने का मामला दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है। आरोप है कि जब ग्राम प्रधान द्वारा सड़क बनवाते समय अतिक्रमणकारियों से सरकारी भीटा खाली कराने की बात कही गई, तो अतिक्रमणकारी उग्र हो गए और ग्राम प्रधान के साथ गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगे, साथ ही दबंगई पर आमादा हो गए।

गौर तलब ग्राम सभा की सरकारी भीटा भूमि पर उत्तरा यादव सहित लोगों द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया है। इतना ही नहीं, अतिक्रमणकारियों ने सार्वजनिक आवाजाही मार्ग पर भी कब्जे जैसी स्थिति बना रखी है,

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अतिक्रमणकारियों द्वारा गाय-भैंस एवं नाद-चन्नी चरही रखकर सरकारी भीटा मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा है, जिससे न केवल आवाजाही बाधित हो रही है, बल्कि सड़क निर्माण कार्य में भी गंभीर दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार जब ग्राम प्रधान ने नियम और कानून का हवाला देते हुए सरकारी भूमि खाली कराने की पहल की, तो अतिक्रमणकारी धमकी और दबाव की राजनीति पर उतर आए और खुलेआम गाली-गलौज करने लगे।

इस घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो स्थिति और अधिक बिगड़ सकती है।

## आरोही और बाल कलाकारों का मोहक नृत्य

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के आयोजन चलो मन गंगा जमुना तीर सांस्कृतिक उत्सव से सजे मंच पर आरोही सिंह के साथ अन्य बाल कलाकारों ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने गणेश वंदना, राम स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भजमन...नृत्य नाटिका रोको न डगर मेरो श्याम... और अंत में मेरो कान्हा जो आए पलट के... अब की होरी मैं खेलूंगी डट के... की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी को होली के रंग में रंग दिया। सीमा द्विवेदी, दीपाली लाल के संयोजन एवं सहयोग से सजे इस कार्यक्रम में आरोही के साथ कृष्ण के रूप में अद्रजा व अन्य बाल कलाकारों में सानवी पांडेय, अमूल्या, सानवी गुप्ता, अनन्या, आराध्या, अन्विता ने सुंदर साथ दिया।

# सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, घूरपुर में कक्षा 12 के छात्रों हेतु विदाई समारोह 2026 का शानदार आयोजन





अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** घूरपुर स्थित सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद हेड बॉय नैतिक राय ने स्वागत भाषण के जरिए सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सारा बनर्जी और अंकिता की टीमों के ग्रुप डांस ने जहाँ सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया, वहीं इशिता सिंह के एकल नृत्य को खूब सराहना मिली। अशंख यादव और शिवा द्विवेदी की सुरीली आवाज ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कक्षा 11 के लड़कों ने भी शानदार ग्रुप डांस पेश कर अपने सीनियर्स को विदाई दी।

12वीं के छात्रों के लिए आयोजित रैंप वॉक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

भावुक क्षणों के बीच, कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की साक्षी द्विवेदी और कॉमर्स वर्ग के शिवांश पांडेय ने मंच से अपने स्कूली सफर के अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। स्कूल के प्रधानाचार्य आशीष रंजन ने छात्रों को जीवन की नई चुनौतियों के लिए तैयार रहने का मंत्र दिया। साथ ही साथ यह कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे परिपूर्ण होकर छात्र एवं छात्राएं अपने समाज और देश का विकास कर सकते हैं क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है।

समारोह के अंत में सबसे प्रतीक्षित क्षण मिस्टर फेयरवेल शिवांश पाण्डेय और मिस फेयरवेल निधि त्रिपाठी की घोषणा रही। सभी विद्यार्थियों को स्मृति के तौर पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आभार प्रदर्शन व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के सफल और सुखद भविष्य की कामना की।

# चिकित्सा शिविर में 500 से अधिक जरूरतमंदों का हुआ उपचार




**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब हर्ष प्रतापगढ़ द्वारा पड़वासी में आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं जागरूकता शिविर में 500 से अधिक जरूरतमंद ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच व उपचार किया गया तथा निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल ने किया। कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर योग्य चिकित्सकों से परामर्श एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। शुभारंभ अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक डा. अतुल शुक्ला ने ग्रामीणों को हृदय रोग, शुगर, रक्तचाप आदि बीमारियों से बचाव व उपचार की जानकारी दी। उन्होंने हरी सब्जियों, फलों एवं सलाद के सेवन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी रोग को लेकर अनावश्यक चिंता न करें, बल्कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं। कार्यक्रम के प्रारंभ में लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष ला. आशुतोष त्रिपाठी एवं समाजसेवी पूर्व प्रधान विनय कुमार शुक्ला (लल्लू शुक्ला) ने क्षेत्रीय विधायक एवं डा. अतुल शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष ला. आशुतोष त्रिपाठी, प्रशासक संतोष भगवन, सचिव आर. बी. सिंह उपाध्यक्ष अरविंद सिंह सर्विस चेयरपर्सन डा. क्षितिज श्रीवास्तव वरिष्ठ ला. सी. एस. मिश्र, ला. दिनेश प्रताप सिंह एवं ला. सुशील कुमार शुक्ला द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ ला. सी. एस. मिश्र ने लायंस क्लब के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक संतोष भगवन एवं सचिव आर. बी. सिंह ने किया। चिकित्सा शिविर के आयोजन में मनोज शर्मा सहित क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों धर्मेंद्र शुक्ला गुलाब सिंह अभय सिंह राम किशोर वर्मा प्रेम सिंह सुभाष सरोज रामसुमेर सरोज वीरू प्रजापति अनिल कुमार राधे सिंह राजाराम एवं विशाल गौतम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष शिवांग पाण्डेय तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह भी उपस्थित रहे। चिकित्सा शिविर में विभिन्न दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों अरुण सिंह (डिस्कवरिंग मैनकाइंड) आलोक तिवारी अशोक तिवारी, रमेश शर्मा देवेश मिश्रा (मैक्लियॉड्स फार्मा) पवन यादव (बैवी लैब्स) शुभम मिश्रा (आइसलिस फार्मा) सचिन पाण्डेय (न्यूट्राजेनिक्स) आशिष मिश्रा राकेश कुमार जितेंद्र कुमार (एरिस्टो फार्मा) आनंद मिश्रा अमित श्रीवास्तव (एल्केम फार्मा) कौशलेंद्र ओझा (आईपीसीए लिमिटेड) रितेश पाण्डेय (जायडस फार्मा) एस. पी. सिंह (सिप्ला लिमिटेड), सी. बी. सिंह, अनुरोध शुक्ला (कोरोना) राजकुमार शुक्ला (टॉरंट फार्मा) सहित अन्य प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं की उपलब्धता में सहयोग किया।

# परीक्षा देकर वापस लौट रहे दंपति की कार पलटी, पति-पत्नी व बच्ची घायल



**प्रतापगढ़।** सीटेट की परीक्षा दिला कर वापस लौट रहे एक परिवार की कार गुरुवार को सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी और उनकी पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गई, जबकि एक बच्चा सुरक्षित रहा। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार नरसिंहगढ़ कुंडा निवासी कुलदीप केसरवानी (40) अपनी पत्नी रूबी केसरवानी (37) को सीटेट की परीक्षा दिलाने प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय गए थे। परीक्षा के बाद कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क के बगल खाई में पलट गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे लोगों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को बुलाकर चिकित्सालय भेजा। दुर्घटना में रूबी केसरवानी कुलदीप केसरवानी और उनकी पुत्री अर्निका (5) को हल्की चोटें आईं, जबकि कार में मौजूद एक बच्चा अभियान 6 वर्ष पूरी तरह सुरक्षित रहा। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

## न्यूज झरोखा

### महाशिवरात्रि मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए हुई पूजा



**बेलखरनाथ धाम।** महाशिवरात्रि का मेला सकुशल संपन्न होने के लिए भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। बेलखरनाथ धाम मंदिर पर लगने वाले 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का मेला सकुशल संपन्न हो इसके लिए मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी व कार्यकर्ता अरुण प्रताप सिंह,अंशु,विशाल ,अंबर सनी जीतू ओझा ,हवलदार शिव पंडित द्वारा रविवार को विधि विधान से किया गया।

### दवा लेने गई महिला वापस नहीं लौटी घर, परिजनों ने दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता शनिवार की सुबह दवा लेने के लिए जिला मुख्यालय गई हुई थी। महिला घर से निकलते समय अपनी 6 माह की मासूम बच्ची को घर पर छोड़कर गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी विवाहिता घर नहीं पहुंची तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने पहले अपने स्तर से आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। मोबाइल फोन पर संपर्क करने का भी प्रयास किया गया, लेकिन फोन बंद मिला। महिला के अचानक लापता होने से परिवार के लोग अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। मामले को लेकर लापता विवाहिता की बहन ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा और बहन को सकुशल खोजने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित स्थानों पर महिला की तलाश की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। विवाहिता के लापता होने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं मासूम बच्ची को लेकर परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। इस संबंध में पृथ्वीगंज चैकी इंचार्ज ने बताया है कि मामले में तहरीर मिली है। जांच की जा रही।

### गोवर्धन लीला का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुये श्रोता



**बेलखरनाथ धाम।** बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के करनपुर खूंझी गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चैथे दिन कथा व्यास आचार्य उमेश ने गोवर्धन लीला की कथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण देवराज इंद्र का अहंकार नष्ट करने के लिए गोवर्धन लीला किया था । कथा व्यास आचार्य उमेश ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी शुरू कर दी। इससे देवराज इंद्र क्रोधित होकर मूसलाधार बारिश करने लगे। इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और जानवरों की रक्षा की। कथा वाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं है, बल्कि इसमें गहरे आध्यात्मिक, नैतिक और पर्यावरणीय संदेश छिपे हुए हैं। इस लीला से भगवान श्रीकृष्ण ने न केवल इन्द्रदेव के अहंकार को नष्ट किया, बल्कि भक्तों को यह शिक्षा भी दी कि सच्ची भक्ति प्रेम और सेवा में निहित होती है। इसके बाद उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण, विष्णु पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण और अन्य ग्रंथों में विस्तार से वर्णन किया। मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद तिवारी, पूर्व प्रधान राजकुमार जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, अमृतलाल जायसवाल, कल्लू जायसवाल, अच्छे लाल मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, कृष्णकांत मिश्रा, राजू तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा सहित तमाम लोग कथा में मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, सात पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के महदहां गांव निवासी युवराज गुप्ता पुत्र माता प्रसाद पर पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि सात नामजद लोगों ने मिलकर युवक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया। घटना रात करीब दस बजे की बताई जा रही है, जब पीड़ित अपनी परचून की दुकान पर मौजूद था। हमले के दौरान आरोपियों ने अचानक युवक को घेर लिया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार करने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में युवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुरानी रंजिश को लेकर हुई इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है, वहीं पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है।

### उमेश बने राष्ट्रीय परशुराम सेना के महाराष्ट्र महासचिव



**कुंडा।** बाबागंज विधानसभा के ढिंगवस पूरे छतऊ निवासी एडवोकेट उमेश मिश्रा को उनके सामाजिक कार्यों और समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय परशुराम सेना ने महाराष्ट्र महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। यह निर्णय संगठन के अध्यक्ष राजेश कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में लिया गया। उनकी नियुक्ति से समाज और संगठन के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। एडवोकेट उमेश मिश्रा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह पूरी मेहनत और लगन से निभाएंगे। उन्होंने ब्राह्मण समाज के युवाओं को संस्कारों से जोड़ने, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प लिया है। उनका उद्देश्य समाज में समन्वय स्थापित कर ब्राह्मण समाज को शीर्ष स्तर पर ले जाना है। उमेश मिश्रा जय हिंद एकता फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में पिछले 14 वर्षों से समाज की सेवा कर रहे हैं। वह प्रतिवर्ष रामकथा का आयोजन कर सभी वर्गों को सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य करते रहे हैं।

### हरा पेड़ काटने पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा।** कालाकांकर वन रक्षक प्रभारी श्रीराम ने लक्ष्मणपुर बहोरिकपुर गांव निवासी हरिश्चन्द पर महेशगंज थाने में हरा पेड़ काटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि वह सात फरवरी को हरा पेड़ कटवाकर उसके टुकड़े वाहन पर लाद रहा था। पूछने पर परमीशन और परिवहन की अनुमति नहीं दिखा सका।

# ग्राम प्रधान कार्यमुक्त, तीन सदस्यीय समिति संभालेगी ग्राम पंचायत के विकास कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** रायचंद पट्टी ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान को अनियमितताओं की शिकायतों के बाद जिलाधिकारी ने कार्यमुक्त कर दिया है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। ग्राम प्रधान के स्थान पर अब तीन सदस्यीय समिति ग्राम सभा के विकास कार्यों का संचालन करेगी।

बताया गया कि ग्राम सभा निवासी अभिषेक सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत नाबालिगों से कार्य कराया जा रहा है, विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं तथा मजदूरों के स्थान पर जेसीबी मशीन का प्रयोग कराया गया है। शिकायत की जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्यान अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग खंड-एक, प्रतापगढ़ को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। दोनों अधिकारियों ने मौके पर जांच कर आरोपों को सत्य पाया। जांच आख्या जिला अधिकारी शिव सहाय अवस्थी को सौंपी गई, जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने ग्राम प्रधान नीलम सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया। जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के संचालन हेतु अशोक सिंह, आशुतोष सिंह एवं सुनीता को शामिल करते हुए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति अब ग्राम सभा के समस्त विकास कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। इस संबंध में आदेश डीएम कार्यालय से विकासखंड अधिकारी पट्टी को भेज दिया गया है, जिसके बाद पंचायत में प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# शिक्षा की मजबूती में राष्ट्रीय विकास व सुरक्षा को मिलती है शक्ति : प्रमोद तिवारी




**लालगंज।** लीलापुर क्षेत्र के साहबगंज स्थित सुखपतिराम इण्टर कालेज के प्रांगण में रविवार को विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं कई विद्यालयों के प्रबंधक रहे शिक्षाविद् स्वर्गीय पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य स्व. रामकिशोर मिश्र के सुपुत्र अनिल प्रकाश मिश्र व पौत्र रक्षामंत्रालय में संयुक्त निदेशक योगेश मिश्र की मौजूदगी में जैसे ही सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतिमा का लोकार्पण किया पाण्डाल करतल ध्वनि से गूंज उठा। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल के साथ पं. सुखपतिराम उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गान एवं मां सरस्वती की वंदना भी आकर्षक दिखी। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं. रामकिशोर मिश्र ने एक आदर्श शिक्षक तथा कुशल प्रधानाचार्य एवं विद्यालयों के प्रबंधन के जरिये सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार को मजबूत दिशा प्रदान की। आयोजन समिति की ओर से संयोजक अनिल प्रकाश मिश्र, सत्यप्रकाश मिश्र, शशिप्रकाश मिश्र, ज्ञानप्रकाश मिश्र व अरूण प्रकाश मिश्र ने सांसद प्रमोद तिवारी को स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया। प्रारम्भ में आईएस अधिकारी योगेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य मनोज मिश्र ने स्वर्गीय पं. रामकिशोर मिश्र के व्यक्तित्व पर कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रो. अरूण प्रकाश मिश्र ने किया। पूर्व प्रधानाचार्य डा. शक्तिधर नाथ पाण्डेय ने पं. रामकिशोर मिश्र स्मृति संस्कृतकाव्य सम्मान पत्र का वाचन किया। वहीं कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी ने समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र, डा. अवधेश कुमार मिश्र, लाल गीतेश्वरप्रताप सिंह, विधिदेव शुक्ल, श्यामलाल गुप्ता, शिवप्रताप सिंह, प्रो. विनोद खोब्रागडे, योगेश्वर उपाध्याय, संजय कुमार मिश्र को आयोजन समिति की ओर से स्मृतिचिन्ह प्रदान किया। समारोह में प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केशव ओझा, डा. शक्तिकुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, उपप्रधानाचार्य जगदीश नारायण मिश्र, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, डा. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर डा. नागेन्द्र अनुज, अजीत सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, आशुतोष मिश्रा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, अधिवक्ता देवी प्रसाद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, हाईकोर्ट के अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी, विनोद दुबे, इम्तियाज अहमद, चन्द्रप्रकाश मिश्र, संतोष कुमार मिश्र, अशोक कुमार पाण्डेय, देवेश कुमार मिश्र, रामराज तिवारी, उदयराज तिवारी, छोटे लाल सरोज, रामलखन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# विशाल त्रिशूल सनातन एकता यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मांधाता की ओर से विश्वनाथगंज स्थित मान्धाता मोड पर विशाल त्रिशूल सनातन एकता यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के पहुंचते ही मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ ही महाराज अमित योगी सहित यात्रा में शामिल लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

मान्धाता मंडल के अध्यक्ष विजय मौर्य के नेतृत्व में त्रिशूल यात्रा का स्वागत करते हुए यात्रियों को भोजन व नास्ता कराया गया। महाराज अमित योगी ने यात्रा को आगे बढते हुए कहा की अयोध्या धाम पर किसी भी सहयोग के लिए मैं आगे रहूंगा। इसके साथ ही उन्होंने त्रिशूल के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की नेत्री प्रतिभा सिंह, वरिष्ठ नेता भाजपा शंभू नाथ मिश्रा, भागीरथी सिंह, प्रधान दिवाकर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर सिंह, समाजसेवी अजय प्रताप सिंह रिंटू, संजय सिंह, मीडिया प्रभारी रोहित सिंह, राजेश तिवारी प्रधान, सूर्य प्रकाश पटेल पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष, डॉ रमेश अग्रहरि, श्याम किशोर पांडे, खंड कार्यवाह शारदा, अरूण कुमार सिंह (राजू) सिंह प्रधान, आशीष फौजी काका, मार्ग प्रमुख पवन सिंह, हरिप्रसाद मिश्रा, अनूप शर्मा, जसवंत यादव, उमेश सिंह पूर्व प्रधान, अविनाश, सोभनाथ भट्ट, दीपक, अनिल सिंह, राजकुमार, साधुराम, उदयराज, अवधेश पांडे, नीरज मौर्य, शिव अग्रहरि, पंकज शर्मा, सोनू सिंह, राजू सिंह, राम सजीवन, राजा सिंह आदि मौजूद रहे। भाजपा मंडल मान्धाता के महामंत्री नितिन मिश्रा ने आए हुए भक्तों का अभिवादन किया।

# अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने वाला आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज।** परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहे मुन्ना भाई को पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बीती शनिवार को सीटीईटी की द्वितीय पाली की परीक्षा हो रही थी। चेकिंग के दौरान पाया गया कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी उमेश कुमार निर्मल के स्थान पर आरोपी पड़ोसी जिले कौशम्बी निवासी संजय कुमार पुत्र अंगनू लाल परीक्षा दे रहा था। चेकिंग दल द्वारा पहचान पत्र में अंकित विवरण का मिलान करने पर यह खुलासा हुआ। कक्ष निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने देर शाम आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। विद्यालय के कक्ष निरीक्षकों के सहयोग से पुलिस ने आरोपी संजय कुमार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

# न्यायालय के आदेश पर पांच के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** बीते साल जून महीने में आबादी की जमीन पर जबरन छप्पर रखने को लेकर बहू व ससुर को पीटकर घायल कर दिया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने पर दलित पीड़िता महिला ने न्यायालय की शरण ली। जिस पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया।

कंधई थाना क्षेत्र के उधवा पुर निवासी ब्रजेश कुमार सरोज की पत्नी रेखा देवी ने न्यायालय में अपील करते हुए कहा कि बीते साल 16 जून की रात 8 बजे गांव के ही रमा शंकर गिरि के परिवार के लोग पुरानी रंजिश को लेकर हमारी आबादी की जमीन पर छप्पर रखकर कब्जा कर रहे थे। जब उन लोगों को मना किया तो उक्त लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे ससुर राम अवध को भी मारा-पीटा गया। दूसरे दिन सुबह कंधई पुलिस को लिखित शिकायत की पुलिस द्वारा व्यक्तिगत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर भेजा गया जहां इलाज के बाद पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई, महीनों तक टाल मटोल किया गया। पीड़िता ने जुलाई महीने में अपर जिला जज स्पेशल कोर्ट एससी एसटी में वाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय ने शुक्रवार को कंधई पुलिस को उधवा पुर गांव के रमा शंकर गिरि, शिव शंकर गिरि, हरि गोविंद गिरि, अवगेश गिरि, शिवम् गिरि को दोषी करार देते हुऐ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही का आदेश दिया है। क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर उधवा पुर गांव के पांच लोगों के लिए मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मारपीट व गाली गलौज को लेकर चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने पीड़ित के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के रामनगर भोजपुर निवासी छेदी लाल के पुत्र संदीप यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि वह बीती पांच फरवरी को रात लगभग बारह बजे बोलेरो वाहन से परिहारन का पुरवा पहाड़पुर से सवारी छोड़कर आ रहा था। रास्ते में गांव के नितेश कुमार व तीन अज्ञात रास्ते में स्कार्पियो खड़ी किये थे। पीड़ित ने वाहन हटाने को कहा तब आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत करने पर आरोपियों द्वारा जानलेवा धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नितेश कुमार व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आसपुर देवसरा पुलिस का इनामी बदमाशों पर शिकंजा

**25 हजार के इनामिया के घर चस्पा हुआ नोटिस, 30 दिन में सरेंडर का अल्टीमेटम**

**पट्टी।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए थाना आसपुर देवसरा पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामिया बदमाश के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे इनामी अभियुक्त के घर न्यायालय के आदेश पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत नोटिस चस्पा किया है। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना आसपुर देवसरा पुलिस टीम ने जनपद जौनपुर के थाना बक्सा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखौवा निवासी आनंद सिंह उर्फ शोले पुत्र स्वर्गीय अशोक सिंह के घर दबिश दी। पुलिस के अनुसार अभियुक्त आनंद सिंह पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है और वह काफी समय से फरार चल रहा है। पुलिस टीम के पहुंचने पर अभियुक्त घर पर मौजूद नहीं मिला। इसके बाद न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अभियुक्त के घर पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत नोटिस चस्पा किया गया। यह कार्रवाई अभियुक्त के परिजनों एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में पूरी की गई। चस्पा किए गए नोटिस में अभियुक्त को 30 दिन के भीतर न्यायालय या पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। तय समय सीमा में हाजिर न होने की स्थिति में अभियुक्त के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई, संपत्ति कुर्की सहित अन्य विधिक कदम उठाए जाएंगे।

# दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** पीड़िता व उसकी बेटी के साथ मारपीट को लेकर सांगीपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उसमानपुर निवासिनी श्यामकली पत्नी हरिलाल वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सात फरवरी को सुबह पानी के विवाद को लेकर विपक्षियों ने गाली गलौज की। विपक्षी गांव के राजकुमार वर्मा पुत्र पुट्टी लाल एवं उसकी मां ने पीड़िता व उसकी बेटी चांदनी को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजकमल समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# उपभोक्ता अधिकार संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**





**कुंडा।** सक्षम फाउण्डेशन भुपियामऊ द्वारा उपभोक्ता अधिकार संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुसुवापुर में किया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ0 रणजीत सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं के शोषण का मुख्य कारण उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न होना है। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना चाहिए, उपभोक्ता अपने अधिकारों को पहचाने और उसका उपयोग करें, दुकानों से बिना बिल के कोई सामान न खरीदें तथा वस्तु पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक मूल्य न दें। उपभोक्ताओं को संकल्प लेना चाहिए कि वस्तुओं की गुणवत्ता देखकर ही खरीदारी करेंगें। डॉ सिंह ने जागो ग्राहक जागो नारे के तहत उपभोक्ताओं को वस्तुओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, मानक और मूल्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा साथ ही साथ यह भी बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करता है। उपभोक्ता सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी एवं शिकायत के लिए प्रदेश उपभोक्ता हेल्पलाइन नम्बर 18003452808 पर काल करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र प्रबन्धक प्रदीप सिंह ने प्रतिभागियों को वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर एक महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष सेवा कर व्यवस्था है जिसे 01 जुलाई, 2017 से देश में लागू किया गया। इसे लागू करने के लिए संविधान में संशोधन भी किया गया। इसके लागू होने से केन्द्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भिन्न-भिन्न दरों पर लगाये जा रहे विभिन्न करों को हटाकर पूरे देश के लिए एक ही अप्रत्यक्ष कर प्रणाली लागू की गयी। इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह सचिव मनीश सिंह, अवनीश जायसवाल, मो0 शमीम तथा अरूण शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, रोशनलाल, अमरेन्द्र सिंह, गुलाब सिंह, प्यारे लाल यादव, श्याम शंकर मिश्रा, दर्शन प्रजापति, बालेन्द्र गुप्ता, श्रीपति जायसवाल, कमला मौर्या, दर्शिका पटेल, रूपमती, देवमती, कंशा देवी, अर्चना, श्रेया सिंह, रूपल मिश्रा के साथ-साथ आसपास गॉवों के जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।

# रेलवे लाइन पर महिला का मिला रक्तरंजित शव

## महिला का मुंह टेप से था बंद, हत्या कर फेंका गया शव,पुलिस शिनाख्त में जुटी

अखंड भारत संदेश



**कड़ा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन से कुछ दूर सायरा स्टेशन के डीएफसी रेलवे लाइन पर शनिवार देर रात को एक महिला का शव मिला है जिसके मुंह को टेप लगा कर बंद कर दिया गया था शव मिलने से सनसनी मच गई,महिला की हत्या कर शव को फेका गया था,दुर्घटना दिखाने के लिए शव को रेलवे ट्रैक पर फेका गया था,महिला के हाथ मे चिंतामन लिखा हुआ है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है। घटना क्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन के सायरा के पास धाता रोड पर डीएफसी रेलवे लाइन पर शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला उम्र लगभग 40 वर्ष का शव रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ है,सिराथू चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो देखा कि महिला का शव रेलवे लाइन पर औंधे मुंह पड़ा हुआ है,महिला का एक हाथ ट्रेन से कट गया था,पुलिस ने महिला के शव को सीधा किया तो महिला के मुंह पर पीला टेप लगा हुआ था,जिससे आशंका हुई कि महिला की हत्या कर शव को पहचान मिटाने के लिए रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया है।पुलिस ने महिला की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और महिला की शिनाख्त और जांच में जुटी हुई है।सैनी कोतवाली पुलिस ने लोगो से अपील की है कि यदि किसी को मृतक महिला के सम्बन्ध में कोई जानकारी हो तो वह सैनी कोतवाली के सीयूजी मोबाइल नंबर 9454403768 पर जानकारी दे सकता है।

## सदस्य,कृषक समृद्धि आयोग का जनपद भ्रमण कार्यक्रम


**कौशांबी।** सदस्य,कृषक समृद्धि आयोग (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) कुलजीत सिंह दिनांक 10 फरवरी,2026 को पूर्वान्ह 11 बजे जनहितकारी इण्टर कालेज, चाकवन चौराहा भरवारी में कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे सदस्य अपरान्ह 01 बजे मा शीतला देवी अतिथि गृह,सयारा में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक एवं तत्पश्चात गौशाला,धान क्रय केन्द्र, बीज गोदाम, सहकारी समिति, मण्डी समिति व पंजीकृत दुकानों में खाद्य की स्थिति का भ्रमण करेंगे। सदस्य अपरान्ह 02 बजे मा शीतला अतिथि गृह,सयारा में प्रेस वार्ता करेंगे।ज्ञातव्य है कि कृषकों के कल्याण व हितों की रक्षा एवं आय में वृद्धि करने के लिए कृषक समृद्धि आयोग का गठन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त के अंतर्गत आने वाले कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित्त विभागों के प्रमुख सचिव आयोग के सदस्य है।

# दावत से लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर मेडिकल कॉलेज के पास शनिवार की रात साढ़े दस बजे दावत से लौट रहे बाइक सवार को तेज गति वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा है वह गंभीर रूप से घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी डॉक्टरों ने बाइक सवार को मृतक घोषित कर दिया है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के इचौली गांव निवासी दिनेश कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र बनवारी लाल शनिवार की शाम इचौली से मंझनपुर दावत खाने बाइक से गए थे मंझनपुर में दावत खाने के बाद दिनेश कुमार वापस बाइक से अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार कादीपुर मेडिकल कॉलेज के पास शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे पहुंचे किसी तेज गति वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए हैं आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते घर परिवार के लोग पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया सीसीटीवी फुटेज की आधार पर पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।



सीसीटीवी फुटेज की आधार पर पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन और उसके चालक की कर रही है तलाश

# लाखों खर्च के बावजूद गांव के रास्ते बदहाल ग्रामीणों में आक्रोश

**कौशांबी।** आकांक्षी विकास खंड कौशांबी के अंतर्गत आने वाले कोसम खिराज ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की हकीकत कागजों तक सिमटी नजर आ रही है। इस पंचायत में हिसामाबाद, बहाउद्दीनपुर जोगापुर,छोटा गढ़वा और बड़ा गढ़वा का आधा हिस्सा शामिल है, लेकिन जमीनी स्तर पर ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।जोगापुर निवासी कामता पाल, गोपाल पाल और अंकुश पाल का कहना है कि गांव के अंदर जाने वाला रास्ता फुतीलाल पाल के घर से लेकर रामचंद पाल के घर तक इतना जर्जर हो चुका है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसी रास्ते पर सरकारी गल्ले की दुकान स्थित है जहां तक पहुंचने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।श्यामलाल पाल और भूखन पाल ने बताया कि बीते पांच वर्षों से रास्ते की हालत जस की तस बनी हुई है। गोपाल पाल का कहना है कि कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि यह कार्य योजना में शामिल नहीं है। सवाल यह है कि जब पांच वर्षों से ग्रामीण परेशान हैं तो आखिर कार्य योजना में इसे क्यों नहीं जोड़ा गया।ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सचिवालय में भूसा रखा गया है और कॉमन सर्विस सेंटर के सामने भी बदहाली का आलम है। मुन्नी देवी और राजवती का कहना है कि उन्हें आज तक वृद्धा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल सका।राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जोगापुर और हिसामाबाद में पाइपलाइन लीकेज के कारण रास्तों पर लगातार पानी बहता रहता है, लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पंचायत सहायक ग्रामीण सचिवालय में बैठने के बजाय सामुदायिक भवन में ग्राम पंचायत कार्यालय संचालित कर रहे हैं। साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है जबकि गांव में तीन सफाई कर्मियों की तैनाती है नालियों में कूड़ा-कचरा भरा हुआ है और जगह-जगह गंदगी फैली हुई है।इस संबंध में ग्राम प्रधान मुन्नूलाल का कहना है कि पूर्व सचिव के समय के इन कार्यों को योजना में शामिल नहीं होने दिया गया था, लेकिन इस बार रास्ते सहित अन्य समस्याओं को कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है।

## दुकानो एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (1) सहपठित उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानो एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस का आदेश दिए है, जहां पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते है। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी,2026 से 31 दिसम्बर,2026 तक प्रभावी रहेगा श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव ने बताया है कि सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान एवं बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त वाणिज्य एवं अधिष्ठान को छोड़कर) बन्द रहेंगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को टाउन एरिया करारी, सरायअकिल व पश्चिम शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को टाउन एरिया अझुआ की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान व शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान एवं रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चैराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी।

# स्वास्थ्य कैंप में दो सौ लोगों का हुआ इलाज दी गई आयुष्मान की जानकारी

अखंड भारत संदेश

### चायल के कसेंदा गांव में आयोजित हुआ स्वास्थ्य कैंप




**कौशांबी।** चायल विकास खंड क्षेत्र के कसेंदा गांव में रविवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों को दवा इलाज और आयुष्मान कार्ड के लाभ उसके उपयोग की जानकारी दी गई।कांग्रेस पाटी के पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम एवं ग्राम प्रधान सुखलाल यादव की अगुवाई में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में पहुंचे प्रयागराज मुंडेरा ट्रांसपोर्ट नगर के मैनेजर पुष्पराज सिंह सहित चिकित्सकों की टीम सुबह दस बजे कैंप में पहुंची। इस बीच स्थानीय गांव और इलाके के फतेहपुर-सहावपुर,लोकीपुर, कुंदनपुर मुरादपुर आदि गांव के लोग अपने स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य कैंप पहुंचे। सदी खांसी, जुकाम, बुखार, खुजलाहट, दांत आदि की समस्याओं का इलाज चिकित्सकों ने किया। ढाई बजे तक चले निःशुल्क दवा इलाज में करीब दो सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इसमें बीमार मिले लगभग 120 लोगों का दावा इलाज किया गया। इस बीच मैनेजर ने बताया कि इलाज के अभाव में किसी की मौत नहीं होगो कोई दवा इलाज से वंचित नहीं रहे। इसके लिए सरकार अनेकों स्वास्थ्य संबंधित योजनाएं चला रही है। इसमें आयुष्मान योजना सबसे लाभकारी है। इसे बनवाना बहुत ही जरूरी है। जिनका कार्ड नहीं बना है वह अपना मुख्य कार्य समझकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं जिससे पांच लाख रुपये तक का किसी भी दशा में इलाज करवाया जा सकता है। इस बीच दस लोगों से आयुष्मान कार्ड के आवेदन भराया गया। इस बीच डॉ आशीष शुक्ला, महिला रोग विशेषज्ञ हिदा हाशमी दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्रा हाशमी आदि चिकित्सक और स्टाफ एवं ग्रामीण स्वास्थ्य कैंप में मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

## अंबेडकर पार्क के लिए सुरक्षित जमीन पर भू माफिया कर रहे हैं खेती



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के चौराडीह गांव की आराजी संख्या 1217 वा 1218 वा 1219 आंबेडकर पार्क के लिए राजस्व अभिलेखों में सुरक्षित की गई है यह आरजी लगभग साढ़े तीन बीघा राजस्व अभिलेखों में दर्ज है लेकिन अंबेडकर पार्क के लिए सुरक्षित सरकारी भूमि पर बीते 25 साल से दबंग कब्जा कर खेती कर रहे हैं जिससे लाखों रुपए की फसल भी दबंग बेच रहे हैं अंबेडकर पार्क की जमीन पर दबंगों द्वारा खेती किए जाने के बाद उन्हें रोका नहीं गया है अंबेडकर पार्क की जमीन में खेती करने के बाद प्रति वर्ष उसकी फसल को लाखों रुपए में दबंग बेचकर मालामाल हो रहे हैं और तहसील प्रशासन इन दबंगों से ना तो अंबेडकर पार्क की जमीन को खाली करवा रहा है और ना ही अंबेडकर पार्क की भूमि की खेती से फसल बेचने की रकम को सरकारी खजाने में जमा करवा रहा है जिससे लेखपाल की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं अंबेडकर पार्क के लिए सुरक्षित जमीन को खाली कराए जाने के लिए बार-बार गांव के लोगों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर जमीन खाली कराए जाने की मांग की लेकिन दबंगों से तहसील प्रशासन ने अंबेडकर पार्क की भूमि खाली नहीं कराई है बताया जाता है कि इसी जमीन के कुछ हिस्से पर प्लाट बना करके भी बेचने की कवायद दबंगों ने शुरू कर दी है और यदि समय रहते तहसील प्रशासन ने अंबेडकर पार्क की सुरक्षित जमीन को बचाने का प्रयास नहीं किया तो सरकारी जमीन बेचकर दबंग उससे करोड़ों रुपए उठा ले जाएंगे और तहसील के अधिकारी केवल तमाशा देखते रह जाएंगे

## हरे भरे महुवा के फलदार पेड़ों को करारी के लकड़ी माफिया ने पेट्रोलिंग आरा मशीन से काट दिया

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहार के गड़ाड़ियांन का पुरवा गांव में रविवार को तीन हरे भरे महुवा के फलदार पेड़ों को करारी के लकड़ी माफिया ने दिन दहाड़े पेट्रोलिंग आरा मशीन से काट दिया है और पिकअप वाहन में भरकर हरे पेड़ की लकड़ी उठा ले गए हैं ना तो लकड़ी ले जाने का ट्रांजिट परमिट था और ना हरे भरे महुवा के फलदार पेड़ों को काटने का कोई परमिशन मौजूद था लेकिन फिर भी ना तो थाना पुलिस ने पेड़ काटने से रोका है और ना ही वन विभाग के अधिकारियों ने हरे पेड़ के कटान को रोका है जिससे पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों की निष्ठा पर सवाल खड़े हैं इसके पहले नौबस्ता में भी करारी कस्बे के चर्चित लकड़ी माफिया ने कई हरे भरे फलदार पेड़ों को काट दिया था और उसकी लकड़ियां भी पिकअप वाहन से उठा ले गए थे इलाके में खुलेआम हरे फलदार पेड़ों की कटान हो रही है और हरे फलदार पेड़ों को काटने के लिए ना तो वन विभाग रोकने को तैयार दिखाई पड़ रहा है और ना थाना पुलिस हरे फलदार पेड़ को काटने से लकड़ी माफियाओं को रोक रही है जिससे थाना पुलिस और वन विभाग के कार्यों पर बड़े सवाल खड़े हैं कि आखिर इन लकड़ी माफिया को इतनी आजादी कैसे दी गई है।

## डॉ रिज़वी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सशक्त शिक्षा विषय पर वेबिनार का आयोजन

**कौशांबी।** डॉ रिज़वी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग करारी में रविवार को ए.आई.तकनीक के माध्यम से सशक्त शिक्षा विषय पर एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में संस्था के निदेशक डॉ. प्रोफेसर अनीस अफजल, कुलसचिव सरताज आलम प्लेसमेंट अधिकारी श्रीमती मंतशा हसीब, एप्लाइड साइंस के विभागाध्यक्ष चिंतामणि पाण्डेय,सुधांशु शर्मा, हिमांशु जायसवाल,श्वेता सोनकर, अवनीश सिंह,वीरेंद्र साहू,विकास शर्मा,सौरभ सिंह,एस.एन कुशवाहा, शुभम पाल मो फ़ारूक़ हामिद अहमद,मो इमरान,रोहित मिश्रा, मो ताहा, तौकीर अहमद,हसनैन हैदर, मंतशा रशीद,उपासना त्रिपाठी तथा अन्य शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर भाग लिया। यह ज्ञानवर्धक वेबिनार जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर अहरार हुसैन द्वारा आयोजित किया गया था। प्रोफेसर हुसैन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं और शिक्षा के क्षेत्र में इसके क्रांतिकारी अनुप्रयोगों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कैसे एआई छात्रों को व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्रदान कर सकता है, शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, और शैक्षिक संस्थानों को अधिक कुशल बना सकता है निदेशक अनीस अफजल ने कहा कि इस तरह के वेबिनार छात्रों और शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रजिस्ट्रार सरताज आलम ने भी संबोधित एआई के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह भविष्य की शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। ए आई पर हुए वेबिनार ने लोगों को बहुत प्रेरित किया और उन्हें भविष्य के लिए उत्साहित किया। यह उनके लिए अच्छा है क्योंकि इसका मतलब है कि वे एआई के क्षेत्र में अवसरों को लेकर सकारात्मक हैं और शायद इसे अपने करियर या जीवन में शामिल करने के बारे में सोच रहे हैं। यह उत्साह उन्हें नई चीजें सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**कौशांबी।** जिले में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दिनांक 08-02-2026 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ के निर्देश के अनुसार आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है ' इस क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,सेलरहा पश्चिम,शमशाबाद एवं उदहीन खुर्द का निरीक्षण किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के आयोजन में ब्लॉक स्तरीय अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों एवं कमर्चारियों द्वारा भी पयर्वेक्षण एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। रविवार को आयोजित होने वाले आरोग्य मेला का आशाओं, एएनएम के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा है जिससे कि आम लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 54 चिकित्साधिकारी व 136 पैरामेडिकल कमर्चारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1085 मरीज पंजीकृत हुए एवं चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया तथा 11 मरीजों को मेडिकल कॉलेज जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर संदर्भित किया गया। साथ ही मेले में कुल 11 आभा आई0डी0 एवं 101 गोल्डेन कार्ड भी बनाये गयें।

# तेज रफ़्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी घायल

## अनियंत्रित यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में यातायात प्रभारी कामयाब होते नहीं दिख रहे हैं

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड के पास रविवार शाम लगभग 4:00 बजे मनौरी से वापस सराय अकिल लौट रहे बाइक सवार व्यापारी को तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत व्यापारी सड़क पर गिर पड़े है और गंभीर घायल हो गए है घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना एंबुलेंस और थाना पुलिस को दी गई है घायल व्यापारी को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया है। जानकारी के मुताबिक कमल बाबू गुप्ता पुत्र श्याम लाल गुप्ता निवासी सराय अकिल रविवार को बाइक से मनौरी बाजार गए थे शाम 4:00 बजे वह बाइक से वापस सराय अकिल लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार कमल बाबू गुप्ता पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत कमल बाबू गुप्ता सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस के माध्यम से घायल व्यापारी कमल बाबू गुप्ता को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया है अनियंत्रित ऑटो चालकों के चलते आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होती है लेकिन अनियंत्रित यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में यातायात प्रभारी कामयाब होते नहीं दिख रहे हैं नौसिखिए चालकों के हाथ पूरी यातायात व्यवस्थाएं जिले में है जो दुर्घटना का कारण बनती है लेकिन लापरवाह चालकों पर कोई ठोस कारर्वाई नहीं होती है जिससे पूरे जिले में तेजी से दुर्घटनाएं बढ़ी है।

# हर रविवार की तरह इस रविवार को भी कौशाम्बी पुलिस ने स्वच्छता को बनाया संस्कार

### एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में चला अनुकरणीय अभियान



**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी में रविवार अब केवल अवकाश का दिन नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार और स्वच्छता का प्रतीक बन चुका है।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के दूरदशी नेतृत्व में हर रविवार की तरह इस रविवार को भी जनपद भर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसने पुलिस विभाग की कायर्संस्कृति को नई पहचान दी। दिनांक 08 फरवरी 2026 को एसपी राजेश कुमार के स्पष्ट निर्देश पर जिले के समस्त थानों,पुलिस चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। पुलिसकमिर्यो ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए थाना परिसर, कार्यालय भवन,अभिलेख कक्ष शस्त्रागार,मालखाना,हवालात तथा आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की।कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर परिसरों को स्वच्छ सुव्यवस्थित और अनुशासित बनाया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पुलिस व्यवस्था में संस्कार और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम बना। एसपी राजेश कुमार ने स्पष्ट संदेश दिया कि स्वच्छता कोई औपचारिकता नहीं बल्कि पुलिस कायर्संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी थाना एवं कार्यालय परिसर सदैव साफ-सुथरे और सुव्यवस्थित रहें। पुलिस कमियों ने अपने कार्यस्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया और आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।कौशाम्बी पुलिस का यह अभियान अब एक नियमित परंपरा बन चुका है, जो हर रविवार निरंतर जारी है। आज कौशाम्बी पुलिस ने यह साबित कर दिया कि जब नेतृत्व दूरदशी हो, तो बदलाव केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं रहता, बल्कि व्यवस्था और संस्कार दोनों में दिखाई देता है। एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में कौशाम्बी पुलिस का यह स्वच्छता अभियान अब जिले के लिए प्रेरणा और अनुकरण का मॉडल बन चुका है।

## अन्तरजनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर महिला पुरुष प्रतियोगिता आयोजित

**कौशाम्बी।** जिले में आयोजित 29 वीं अन्तरजनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष-2026 के अंतर्गत दिनांक 08.02.2026 को विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। आज का पहला मैच बॉक्सिंग (पुरुष वर्ग) 63 किलोग्राम भार वर्ग का मुकाबला जनपद कौशाम्बी के आरक्षी राजेश कुमार यादव एवं जनपद महोबा के आरक्षी अमोल कुमार के मध्य खेला गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आरक्षी राजेश कुमार यादव (कौशाम्बी) ने विजय प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार आर्म रेसलिंग (महिला वर्ग) 55 किलोग्राम भार वर्ग का मुकाबला जनपद बांदा की महिला आरक्षी निधि निरंजन एवं जनपद चित्रकूट की महिला आरक्षी अनामिका मुदगिल के मध्य संपन्न हुआ, जिसमें महिला आरक्षी निधि निरंजन (बांदा) ने जीत दर्ज करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही बॉडी बिल्डिंग (पुरुष वर्ग) 80 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में जनपद कौशाम्बी के आरक्षी आलीशॉन खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जनपद प्रतापगढ़ के आरक्षी राजकिशोर एवं जनपद कौशाम्बी के आरक्षी विशाल सिंह संयुक्त रूप से उपविजेता रहें। इस अवसर पर जनपद के देवपाल प्रतिसार निरीक्षक कौशाम्बी, उपनिरीक्षक कालका प्रसाद, शैलेश मिश्रा (एन.आई.एस. कोच) सहित जनपद के अन्य अधिकारी/कमर्चारीगण उपस्थित रहें।

## ठेकेदार ने मार मारकर मजदूर का तोड़ा हाथ मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** थाना कौशांबी क्षेत्र के विदाव गांव निवासी भोदू पुत्र इन्द्रपाल ने बताया कि लवकुश पुत्र कल्लू सरोज गाँव अहमतिया थाना व जिला कौशाम्बी का निवासी है। लवकुश बिहार भट्ठे का ठेकेदार ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो तुम को मै इक्कीस हजार रू0 माहवारी दूगा तो मैं बिहार गया भट्ठे में छह माह काम किया जब मैं लवकुश से पैसा मागा तो मुझे डंडे ले कर मारने लगा मेरा बाया हाँथ तोड़ दिया फिर बाद में लात व घूसा से बहुत मारा मुझे काफी चोटे आयी है घटना 21-1-2026 की है। मेरा पैसा पचास हजार रू० लवकुश से मिलना है। मैं अपना इलाज कराने प्रयागराज चला गया था ।पीड़ित की तहरीर पाकर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# राजकीय हाईस्कूल कसिया में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन






**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के काशिया गांव स्थिति राजकीय हाईस्कूल कसिया में दिनांक 7.2.2026 को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया है प्रधानाचार्या डॉ सारिका द्वारा वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मान देकर उनका हौसला बढ़ाया गया एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन कराया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया है वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अहमद सिद्दीकी डॉ प्रतिभा रानी शर्मा,श्रीमती सुजाता वर्मा एवं श्रीमती प्रतिमा सिंह आदि उपस्थित रहें इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न राजकीय हाईस्कूलों की प्रधानाचार्या द्वारा छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो, मेडल एवं कक्षा 10 के छात्र छात्राओं को विदाई गिफ्ट के साथ उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभ वचनों से आशीर्वाद दिया गया छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक इत्यादि का बेहतर प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की लोगों ने खुले मन से सराहना किया है मंच संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती कविता सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की अन्य शिक्षिका श्रीमती दीपा सिंह और सुश्री प्रतिभा सिंह सहित विद्यालय के विद्याथी इलाके के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री का डर और संसद की गरिमा

**संसद** सत्र को सत्ता पक्ष की तरफ से ही बाधित करना, एक साथ विपक्ष के सौ से ज्यादा सांसदों का निलंबन, सदन के भीतर एक अल्पसंख्यक सांसद के लिए अपशब्दों का प्रयोग, पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल, महिला सांसदों के लिए अभद्र टिप्पणियां, संसद के भीतर रंगीन धुआं उड़ाना, संसद में हिंदू पंडितों से पूजा-पाठ करवाकर धर्मनिरपेक्षता की बलि चढ़ाना और सुबह सत्र संचालित करा रहे राज्यसभा सभापति का अचानक शाम को स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा और उन्हें औपचारिक विदाई तक न देना, मोदी सरकार में संसदीय परंपराओं और मयार्दा को किस तरह बार-बार तोड़ा गया, ये उसके चंद उदाहरण हैं। लेकिन अब तो संसदीय इतिहास को मुंह चिढ़ाते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसका अगला पायदान तानाशाही ही लगता है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष की तरफ से चर्चा के बिना ही पारित करा दिया गया। पाठक जानते हैं कि 2 और 3 फरवरी को राहुल गांधी को सत्तापक्ष ने पूरा भाषण नहीं देने दिया। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोद मुकुंद नरवणे की किताब के कुछ अंश कारवां पत्रिका में प्रकाशित हुए थे, जिसे राहुल गांधी ने सत्यापित करने के बाद उद्धृत करना चाहा लेकिन सत्ता पक्ष की टोकाटाकी के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने उन्हें नियम 349 का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा भी कि मैं बिना उद्धृत किए ही अपनी बात रखता हूं, लेकिन जैसे ही वे चीन पर बोलने लगे, सत्ता पक्ष की घबराहट देखकर आसंदी ने उन्हें बोलने नहीं दिया। इसके बाद विपक्ष के किसी सांसद ने भाषण नहीं दिया। राहुल गांधी तो सदन में बहादुरी के साथ डटे रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कायरता की नयी मिसाल देश के सामने पेश की। वे संसद आए और फिर वापस लौट गए। बुधवार शाम पांच बजे उनका भाषण लोकसभा में निर्धारित था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का कहना है कि उन्होंने ही प्रधानमंत्री को सदन में आने से मना किया था। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कांग्रेस के सांसद उन पर शारीरिक हमला कर सकते थे। इस बीच हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। ओम बिड़ला ने कहा कि अगर कोई घटना हो जाती तो लोकतंत्र की मयार्दा तार-तार हो जाती। उसे टालने के लिए मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वह सदन में ही ना आएं। अंत में उनके ही भाषण के बिना ही धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूर करने का फैसला हुआ। हालांकि संसद टीवी में दिख रहा है कि कांग्रेस की महिला सांसद राहुल गांधी को बोलने से रोकने का विरोध कर रही थीं और उनके हाथों में पोस्टर थे। उनका इरादा प्रधानमंत्री मोदी पर हमले का नहीं था। लेकिन अब उसी घटना की वजह से प्रधानमंत्री के बुधवार को लोकसभा में न आने की सफाई दी जा रही है।

तो कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी हाथ में पोस्टर थामी हुई चंद महिला सांसदों से डर गए।

# दो व्यापार समझौते और तीन चुनौतियां

अरविन्द मोहन

**करोड़ों** गिग वर्कर्स को न्यूनतम मजदूरी और काम के तय घंटे जैसी बुनियादी चीजें देना भी उसका काम है। और रोजगार भी तभी बढ़ेंगे जब निवेश का तंत्र सुधरेगा। असल में यह खाए, पिए अघाए लोगों का बजट है, अच्छी हालत में भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश करने की जगह चीजों को वैसे ही चलाने देने की सोच का अभाव है, कुछ न करके भी संतुष्ट रहने का बजट है।

आखिर अमेरिका से भी व्यापार संधि हो गई और सारी बारीकी सामने नहीं आई हो तब भी यह नतीजा निकालने में हर्ज नहीं है कि दोनों पक्षों को संतुष्ट करने वाले प्रावधान इसमें हैं और 18 फीसदी सीमा शुल्क पर भारतीय माल के अमेरिका प्रवेश का मतलब हमारा व्यापार बढ़ना ही होगा। एक नई बात यह हो सकती है की कुछ अमेरिकी/विदेशी उत्पादक अमेरिका में ही अपना ज्यादा माल बेच सकने की सहूलियत के लिए भारत में अपना प्रोडक्शन बेस बनाएं। अमेरिकी संधि तो बजट के अगले दिन हुई पर यूरोपीय संघ से खुले व्यापार की संधि भी तीन-चार दिन पहले हुई थी। उसके प्रावधान भी यही स्थिति बनाते हैं और यही चीजें इन संधियों का सबसे धनात्मक पक्ष है। अब अमेरिका से समझौते की घोषणा भले दो तारीख को हुई हो लेकिन अधिकांश शर्तों पर सहमति बनाने की चर्चा बिहार चुनाव के पहले से हो रही थी। और तो और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने तीन दिन पहले यह कह दिया था कि यह समझौता अब हो जाने को ही है। इस प्रसंग को लंबा खींचने के पीछे यह बात दिखाने की मंशा है कि बजट की तैयारियों के क्रम में इन दो बड़ी संधियों का आधार तैयार था और कम से कम इस बातचीत में शामिल लोगों को तो प्रावधानों की भी लगभग पूरी स्थिति का पता होगा।



लेकिन निर्मला सीतारमन के नौवें बजट में इस संधियों के फलितार्थ से संबंधित कोई तैयारी नहीं दिखती। यूरोपीय संघ और अमेरिका हमारे पशुपालन और खेती को प्रभावित करने वाले प्रावधानों के लिए दबाव बना रहे थे और इनमें से काफी बातें मान ली गई हैं। कार, शराब से लेकर अनेक औद्योगिक उत्पाद का आयात सस्ता होकर हमारे अपने उत्पादन और खपत के परिदृश्य को बदलेगा। बजट में कृषि और पशुपालन या मत्स्य और कुक्कुटपालन में ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है जो आगे आने वाले प्रभाव में हमारे किसानों और पशुपालकों के हितों की रक्षा कर सके। हम जानते हैं कि यूरोप और अमेरिका में खेती और डेयरी का कारोबार भारी सब्सिडी पर चलता है। ऐसे में गेहूँ, मक्का, सोयाबीन, जेनेटिक फसलों और खली के धंधे पर ही नहीं दूध, मक्खन और अन्य डेयरी उत्पादों पर असर होगा लेकिन वित्त मंत्री ने उसकी चिंता अगले बजट के लिए छोड़ दी है। वे इस बजट को जाने किस आधार पर युवाओं का और नये भारत के निर्माण का बजट बता रही हैं।

इससे भी ज्यादा जिस चीज की चिंता करनी चाहिए थी वह है भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ठिकाना बनाने की तैयारी। ये दोनों व्यापार सन्धियां हमारे यहां से तैयार माल को यूरोप और अमेरिका में भेजने का रास्ता सुगम करेंगी। फिर सिर्फ मोबाइल और कंप्यूटर के लिए ही नहीं, सारे औद्योगिक उत्पादों और उपभोक्ता मशीनरी के निर्माण और एसेम्बलिङ्ग कारोबार की राह इससे खुलने वाली है। इस बीच यह भी हुआ है कि ट्रम्प की नीतियों और वैश्विक वित्त बाजार में अनिश्चितता के चलते दुनिया भर की पूंजी विकसित और मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की तरफ मुड़ गई है। और तो और वहां भी सोना-चांदी में निवेश को सुरक्षित और बढ़ने वाला मानने का चलन बढ़ा है। उनके यहां के निवेश में पांच से बारह फीसदी तक की वृद्धि हुई है जबकि हमारे यहां से बड़ी मात्रा में विदेशी संस्थागत निवेश और पोर्टफोलियो निवेश में कमी आई है। विदेशी पूंजी की जगह देसी पूंजी ने कुछ समय तक मोर्चा संभाला लेकिन अब उसकी क्षमता की सीमा आ गई है, यह हर आदमी महसूस कर रहा है। बाजार से पूंजी का पलायन रोकने और नई पूंजी को आकर्षित करने वाले कदम उठाने की दरकार है लेकिन निर्मला जी का बजट इस बारे में मौन हो गया है। संरचना क्षेत्र में निवेश अच्छा होता है लेकिन हर जानकार बताता है कि हम अपनी क्षमता से ज्यादा निवेश इस क्षेत्र में कर चुके हैं।

पूंजी का पलायन रोकने और नए निवेश को आकर्षित करने जैसा ही इमरजेंसी वाला काम डालर और प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले रुपए का धराशायी होना रोकने का है। ऐसी ही आपात जरूरत सरार्फा बाजार के भूचाल को संभालने की है। चांदी भारी सट्टेबाजी की चीज बन गई है और शादियों के मौसम में आम आदमी सोना तो दूर चांदी तक खरीदने की स्थिति में नहीं है और उधर सट्टेबाज माल बनाकर लाल होते गए हैं। एक किलो चांदी की कीमत में एक दिन में अस्सी हजार तक की गिरावट और चढ़ान तो बिना सट्टेबाजी संभव ही नहीं है। और अगर चीन या कोई भी और देश सोना चांदी खरीद कर जमाखोरी कर रहा है तो उसका भी उपाय ढूंढा जाना चाहिए। शेयर बाजार का यही हाल है और बजट के दिन की उसकी दो हजार अंकों की गिरावट को बजट से निराशा मान सकते हैं लेकिन अमेरिकी सरकार द्वारा एक कंपनी को नोटिस देने भर से बाजार लाखों करोड़ के मूल्य गंवा दे यह तो सट्टेबाजों का नहीं उनकी गिरोहबाजी से ही संभव है। रुपया रोज गोते खा रहा है और साल भर में छह फीसदी तक नीचे आ गया है। बजट में इन क्षेत्रों का जिक्र ही नहीं है और प्रतिभूति कारोबार टैक्स बढ़ाकर ऐसा हंगामा मचा दिया गया कि हर आदमी यह समझने की कोशिश कर रहा है कि यह क्या बला है। और जो स्थिति समझते हैं उनको भी समझ नहीं आ रहा है कि इस उपाय से बाजार को क्या फायदा होगा?

शायद सरकार महंगाई और मुद्रास्फीति बढ़ने न देने की मंशा को ऊपर रख रही है। उसे जीडीपी की दर और महंगाई दर की चिंता सबसे ज्यादा है। वह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज विकास दर पर इठला रही है। उसने पिछले बजट में आयकर नियमों में जो बदलाव किए हैं और जो इस बार अप्रैल से लागू होंगे, उनको फाइनल मान लिया है। उसने जीएसटी दरों में जो बदलाव किये उनके बाद कर के ढांचे में मामूली करेक्शनों को छोड़कर बाकी कुछ करने की जरूरत नहीं लगती। वह भूल गई है कि पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाना उसी का काम है और दस साल से ज्यादा समय से टल रहा है।

अभी के बढ़े टैक्स अपने लोगों से हर साल तीन लाख करोड़ ज्यादा वसूल कर उसके बटुए में पहुंचा देते हैं। वह भूल गई है कि देश में आधे कामगार खेती से जुड़े हैं और सस्ते विदेशी आयात के बाद उन सबके जीवन पर कम ज्यादा असर होगा ही। करोड़ों गिग वर्कर्स को न्यूनतम मजदूरी और काम के तय घंटे जैसी बुनियादी चीजें देना भी उसका काम है। और रोजगार भी तभी बढ़ेंगे जब निवेश का तंत्र सुधरेगा। असल में यह खाए, पिए अघाए लोगों का बजट है, अच्छी हालत में भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश करने की जगह चीजों को वैसे ही चलाने देने की सोच का अभाव है, कुछ न करके भी संतुष्ट रहने का बजट है।

# अंधेरे अतीत की ओर बुलेट ट्रेन

राजेंद्र शर्मा

**इस** छोटे से पर्वतीय राज्य में, जहां मुस्लिम अल्पसंख्यकों की आबादी बहुत ही थोड़ी है, भाजपा के डबल इंजन राज में आम तौर पर और मोदी-शाह के चुने हुए मुख्यमंत्री, धामी के राज में खासतौर पर, सांप्रदायिक कड़ाह को लगातार खदकाए रखने के एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में, किसी न किसी बहाने से और बहुत बार बिना किसी बहाने के भी, मुस्लिम दूकानदारों और फेरीवालों आदि को चुन-चुनकर निशाना बनाये जाने का सिलसिला लगातार जारी रहा है।



अगर यह संयोग था, तब भी बहुत-बहुत कुछ उजागर करने वाला संयोग था। 26 जनवरी को, जब देश एक गणतंत्र के रूप में अपने रूपांतरण के 76 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था और सारी दुनिया के सामने एक धर्मनिरपेक्ष, जनतंत्र पर आधारित गणतंत्र के रूप में अपनी ताकत और मजबूती का प्रदर्शन करने में जुटा हुआ था, ठीक उसी समय देश के एक कोने में स्थित छोटे से पर्वतीय राज्य, उत्तराखंड से सारी दुनिया को भारत के इससे उल्टे ही रूपांतरण का संदेश दिया जा रहा था। इस हिमालयी राज्य में, सामान्यतः शांत रहने वाले कस्बे कोटद्वार की शांति एक उग्र सांप्रदायिक प्रदर्शन ने भंग कर दी। मुख्यतः कस्बे के बाहर से कई वाहनों में भरकर पहुंचे विहिप, बजरंग दल आदि, विभिन्न संघ परिवारी संगठनों के हुल्लड़बाज, 'बाबा स्कूल ड्रेस एंड मैचिंक सेंटर' नाम की एक छोटी सी दूकान पर उपद्रव कर रहे थे। कस्बे की गिनी-चुनी मुस्लिम दूकानों से एक के निशाना बनाए जाने के लिए उनका बहाना यह था कि दुकान मुसलमान की है और नाम में बाबा शब्द; इसे अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे।

याद दिला दें कि इस छोटे से पर्वतीय राज्य में, जहां मुस्लिम अल्पसंख्यकों की आबादी बहुत ही थोड़ी है, भाजपा के डबल इंजन राज में आम तौर पर और मोदी-शाह के चुने हुए मुख्यमंत्री, धामी के राज में खासतौर पर, सांप्रदायिक कड़ाह को लगातार खदकाए रखने के एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में, किसी न किसी बहाने से और बहुत बार बिना किसी बहाने के भी, मुस्लिम दूकानदारों और फेरीवालों आदि को चुन-चुनकर निशाना बनाये जाने का सिलसिला लगातार जारी रहा है। इसे हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से जवाबी 'आर्थिक जेहाद' बताया जा रहा है, जिसका मकसद मुसलमानों को आर्थिक रूप से पूरी तरह से बेदखल करना है।

बहरहाल, 26 जनवरी को जो हुआ, वह संघ परिवार के डबल इंजन राज में बराबर जोर पकड़ रही इस सांप्रदायिक मुहिम की यााददिहानी भर नहीं था। वह इससे कुछ बड़ा था। इससे आगे के संकेत करने वाला था। हुआ यह कि पुलिस की मौजूदगी और वास्तव में तमाशबीनी के साथ, अब आए दिन की चीज हो चुका है। यह हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक तमाशा अपने उत्कर्ष पर पहुंचता, तभी उसमें अचानक बाधा पड़ गयी। उक्त बाबा की दुकान से थोड़े ही फासले पर चल रहे एक जिम का संचालक दीपक कुमार और उसका सहयोगी विजय रावत, हुड़दंगी भीड़ के रास्ते में आ गए। उन्होंने कहा कि दूकानदार मुसलमान है, इसलिए दुकान का नाम बाबा रखने पर आपत्ति करना निहायत बेतुकी बात है। किसी को भी बाबा नाम रखने से नहीं रोका जा सकता। नाम बदलने की मांग को लेकर यह हंगामा सरासर गलत है और यह उपद्रव लीला बंद करनी होगी। कहा-सुनी के बीच दीपक ने उपद्रवियों को चुनौती देते हुए कहा यह भी कह दिया कि उसका नाम दीपक मोहम्मद है और उसके रहते एक मुसलमान की दूकान को कोई हाथ नहीं लगा सकता है।

चुनौती अप्रत्याशित ही नहीं, वास्तविक भी थी। दीपक पहलवान रहा बताते हैं। उसके तथा उसके साथी के अड़ जाने पर, मामूली धक्का-मुक्की के बाद और पुलिस के बीच-बचाव की भूमिका संभालने के बाद, हिंदुत्ववादी उपद्रवी फिर लौटकर आने और खासतौर पर दीपक कुमार को सबक सिखाने की धमकियां और गालियां देते हुए लौट गए। बेशक, यह अब विशेषकर डबल इंजनिया शासनों में तो दुर्लभ से दुर्लभतर होता जा रहा है कि हिंदुत्ववादी टुकड़ियों के धावे को, जमीन पर परंपरागत सांप्रदायिक सद्द्भाव के पैरोकारों का सामना करना पड़े और उन्हें पीछे हटना पड़े। फिर भी अपवादस्वरूप ही सही, मोदी राज के 12 साल बाद भी, ऐसी इक्का-दुक्का घटनाएं तो सामने आ ही जाती हैं। इसलिए, 2026 की छब्बीस जनवरी में जो हुआ, उसमें नया इतना ही नहीं था। वास्तव में नया तो उसमें था, जो छब्बीस जनवरी के बाद हुआ।

शनिवार, 31 जनवरी को भगवा ब्रिगेड सचमुच और ताकत के साथ कोटद्वार वापस लौटी। दीपक और विजय के खिलाफ उग्र प्रदर्शन के नाम पर, उन्होंने कस्बे में जमकर हंगामा किया, दीपक के जिम पर उपद्रव किया, भड़काऊ सांप्रदायिक नारे लगाए और राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम भी किए रखा। जाहिर है कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में किया जा रहा था। लेकिन, हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक उपद्रवियों का, अपने सांप्रदायिक अभियान के रास्ते में आने वाले, सांप्रदायिक सौहार्द्र के पैरोकारों से निपटने के लिए, शासन के प्रकट-परोक्ष इशारे पर, सीधे हिंसा के साथ-साथ धरना-प्रदर्शन-सड़क जाम जैसे विरोध के सुपरिचित तरीकों का सहारा लेना भी पूरी तरह से नया नहीं है। इस सिलसिले में जम्मू-कश्मीर में कठुआ का कुख्यात आसिफा अपहरण-बलात्कार-हत्या कांड बरबस याद आ जाता है। चूंकि आठ वर्षीया बक्करवाल बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले खुद को हिंदू कहते थे, न सिर्फ संघ परिवार के तमाम संगठन इन अपराधियों की हिमायत में बड़े-बड़े जुलूस निकाल रहे थे, वे तिरंगा झंडा लेकर ये जुलूस निकाल रहे थे और न सिर्फ साधारण भाजपा नेता बल्कि जम्मू-कश्मीर की तत्कालीन गठजोड़ सरकार में शामिल भाजपा के मंत्री तक, इन प्रदर्शनों में शामिल हो रहे थे। इसलिए, कोटद्वार में मुसलमान दूकानदार और खासतौर पर उसके बचाव में खड़े हुए हिंदुओं के खिलाफ, भगवा बिग्रेड का यह दूसरा धावा भी एकदम नया तो नहीं ही था।

फिर भी इस प्रकरण में कुछ ऐसा था, जो जितना डराने वाला था, उतना ही नया भी था। और यह था, मोदी-शाह के विशेष विश्वासपात्र मुख्यमंत्रियों में गिने जाने वाले धामी की पुलिस का एक्शन। शनिवार की शाम धामी की पुलिस ने विहिप-बजरंग दल के दो कार्यकताओं की शिकायत पर, दीपक कुमार और विजय रावत के खिलाफ दंगा करने से लेकर कानून व व्यवस्था में व्यवधान डालने तक, विभिन्न आरोपों में एक एफआईआर दर्ज कर ली। बेशक, 'निष्पक्षता' के दिखावे के लिए पुलिस ने इसी के साथ दो और एफआईआर दर्ज कर लीं, भगवा संगठनों के कार्यकताओं के खिलाफ; एक दीपक और विजय की शिकायत पर और दूसरी, मुस्लिम दूकानदार की शिकायत पर। लेकिन, ये दोनों एफआईआर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गयी थीं, जिनमें एक तो पचास-साठ अज्ञात लोगों की भीड़ के खिलाफ थी। ज्ञात आरोपी, दीपक और विजय ही थे। और जहां तक धामी की पुलिस का वाल है, हालांकि पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस उपस्थित थी और विभिन्न प्रकरणों के वाइरल वीडियो उसके पास भी थे, उसने खुद न कुछ देखा था और सुना था। इसलिए वह, जैसा कि स्थानीय एसपी ने यूट्यूब पत्रकार अजीत अंजुम को बताया, कोरी स्लेट लेकर अब इसकी जांच कर रही है कि क्या हुआ था और किसने क्या किया था? सांप्रदायिक सौहार्द्र के पक्ष में खड़े होने के लिए एफआईआर, गणतंत्र के छिहत्तर साल की यही नयी उपलब्धि है।

लेकिन, उत्तराखंड में जो हुआ, वह तो एक मिसाल है, हालांकि आंखें खोलने वाली मिसाल है, बशर्ते आप आंखें बंद होने का नाटक नहीं कर रहे हों। उत्तर-पूर्व का द्वार माने जाने वाले असम में इसी दौरान जो हो रहा है, वह और भी भयानक है। यहां डबल इंजनिया सरकार का मुख्यमंत्री, चंद महीने में होने जा रहे विधानसभाई चुनाव के लिए सब कुछ झोंकने और स्वाहा करने की अपनी उतावली में, सीधे-सीधे मियां (बांग्लाभाषी मुसलमानों) समुदाय का उत्पीड़न करने के सार्वजनिक आह्वदान तक ही पहुंच गया। यह शायद स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी सत्तासीन मुख्यमंत्री के किसी समुदाय के नरसंहार के आह्वदान के निकटतम पहुंच जाने का, पहला ही उदाहरण है। और मोदी राज के 12 साल में जनतंत्र की तमाम संस्थाओं के अंतर्ध्वंस का ही कमाल है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भले ही भारत के समूहिक नरसंहार से 'चंद मिनटों की दूरी पर' रह जाने की चेतावनियां दे रही हों और वास्तव में उत्तर-पूर्व में मणिपुर में तीन साल पहले बाकायदा नरसंहारकारी हिंसा फूट चुकी हो जिसके शोले अब भी रह-रहकर भड़क उठते हैं, और खुद असम में अस्सी के दशक में नेल्ली के नरसंहार का इतिहास मौजूद हो, न्यायपालिका, चुनाव आयोग, मानवाधिकार आयोग, अल्पसंख्यक आयोग और मुख्यधारा का मीडिया, किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है।

और खुद मोदी सरकार। न सिर्फ उसकी हिमंता बिस्वा सरमा पर विशेष कृपा है बल्कि वह उसकी उकसावेपूर्ण बयानबाजी का शीर्ष स्तर से अनुमोदन करने में ही लगी हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री सरमा के आग लगाऊ प्रचार अभियान के सुर में सुर मिलाते हुए, असम के अपने दौरों में न सिर्फ तथाकथित घुसपैठियों के खतरे को अपने चुनाव प्रचार का केंद्रीय मुद्दा बनाने का ऐलान कर दिया बल्कि बिना किसी आधार, गणना या तर्क के, अचानक इसका ऐलान कर दिया है कि असम में 76 लाख बांग्लादेशी घुसपैठिये हैं, जिन्हें निकाल बाहर करने का भाजपा का वादा है।

# थाना बल्दीराय में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक हुई आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । आगामी** त्यौहारों के सकुशल संपन्न कराने की अपील। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर चारू निगम के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार की उपस्थिति में आज आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि,होली एवं रमजान के दृष्टिगत थाना बल्दीराय विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में क्षेत्र के सम्मानित धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और डी.जे.संचालक उपस्थित हुए। उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों को विस्तार से साझा किया गया। डी.जे.संचालकों को ध्वनि मानकों का पालन करने तथा सभी पक्षों को आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ त्योहार



मनाने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र वासियों से अपील की गई कि किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और पुलिस का सहयोग करें। आयोजित बैठक में थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह,उपनिरीक्षक राजेश सिंह,अनिल सक्सेना,एस.के.ओझा, राम राज सहित समस्त थाना चौकी स्टॉफ उपस्थित रहा।

# पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने अखण्डनगर थाने का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । पुलिस** अधीक्षक चारू निगम द्वारा थाना अखण्डनगर का औचक निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क कार्यालय अभिलेख मैस थाना परिसर रिसेप्शन रूम का निरीक्षण कर सम्बंधित को दिये गए आवश्यक दिशा-निर्देश

महिला हेल्प डेस्क पर पीड़िता की समास्याओं के त्वरित निस्तारण व फीड बैक की समीक्षा की गई पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करने और उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष व प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।टाप टेन अपराधियों हिस्ट्रीशीटर की निगरानी और माफियाओं (शराब खनन भू



माफिया आदि) के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही की समीक्षा की गई।अपराध रजिस्टर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा परिसर में खडे लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया पुलिस मैस में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई को परखा गया और थानाध्यक्ष व स्टाफ का कुशलक्षेम जाना। थाने में आने वाले आगंतुकों हेतु स्वच्छ वातावरण पेयजल व प्रसाधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाने हेतु क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया

महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा थाना निरीक्षक के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने बेलवाई चौकी का भ्रमण किया आगामी महाशिवरात्रि पर्व के महात्व को देखते हुए बेलवाई शिवधाम मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का आंकलन किया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए महोदया ने मन्दिर में दर्शन पूजन कर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया।

# जिपं अध्यक्ष की पत्नी की अर्जी पर आदेश सुरक्षित


**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। फर्जी** प्रमाण पत्र जारी करने व अन्य आरोप से जुड़े मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी की तरफ से लम्बित अर्जी पर शुक्रवार को दोबारा बहस हुई। एसीजेएम भाव्या श्रीवास्तव की अदालत ने चन्द्रमा देवी के खिलाफ जारी कार्रवाई निरस्त करने की अर्जी पर बहस सुनने के बाद आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित कर लिया है। अदालत ने सात फरवरी के लिए आदेश की तारीख तय किया है। वहीं चन्द्रमा देवी की जमानत अर्जी पर सुनवाई अभी टल गई है। अमेठी कोतवाली के स्थानीय कस्बा निवासी परिवादी घनश्याम सोनी उर्फ पप्पू ने तत्कालीन नपं अध्यक्ष चंद्रमा देवी व कस्बे के ही रहने वाले आरोपी लल्लू प्रसाद सोनी,उनके भाई लालजी सोनी,पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के खिलाफ अनुचित लाभ पाने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने समेत अन्य आरोप लगाए थे। एसीजेएम कोर्ट में यह मामला लम्बित चल रहा है। मामले में अदालत ने सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट व उन्हें फरार घोषित किए जाने की कार्रवाई जारी किया था। मामले में चंद्रमा देवी ने हाईकोर्ट की शरण लिया था। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में चंद्रमा देवी की तरफ से ट्रायल कोर्ट में अपने खिलाफ जारी कार्रवाई निरस्त कराने एवं कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से बिना हाजिर हुए जमानत स्वीकार करने व बेलबांड पेश करने की अनुमति के लिए अर्जी दी गई थी,जिनकी एक अर्जी पर बहस पूरी हो चुकी है,शेष अर्जियों पर सुनवाई अभी लम्बित है। वहीं हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में आरोपी लल्लू सोनी सहित चार आरोपियो के खिलाफ प्रचलित कार्यवाही पर ट्रायल कोर्ट ने छह सप्ताह तक रोक लगा दिया है।

# मंदिर में दीपक जलाने गई युवती के साथ दुष्कर्म ग्रामीणों ने जलाई बाइक, आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चित्रकूट के राजापुर थाना क्षेत्र में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शिव मंदिर के पास हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों ने एक बाइक में आग लगा दी। जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

यह घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे की है। जब युवती मंदिर में दीपक जलाने गई थी। मंदिर के पीछे घात लगाए बैठे एक युवक ने उसे अचानक दबोच लिया। उसने युवती का मुंह और हाथ दुपट्टे से बांध दिए और उसके साथ दुष्कर्म किया।



काफी देर तक युवती के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान वे मंदिर परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी को युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा। परिजनों के शोर मचाने पर आरोपी अपने कपड़े छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एक बाइक में आग लगा दी। घटना की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर राजापुर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर उसे चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गईं और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गांव में 12वीं बटालियन पीएसी फतेहपुर को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, राजापुर थाने के दो उपनिरीक्षक और पर्याप्त पुलिस बल भी गांव में मौजूद हैं। प्रभारी



निरीक्षक लाखन सिंह ने इसकी जानकारी दी। आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, और देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की।

## मुंबई से चित्रकूट लाया गया स्वामी सच्चिदानंद का पार्थिव शरीर

**चित्रकूट।** धारकुंडी आश्रम के संस्थापक महंत स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज का पार्थिव शरीर रविवार को मुंबई से चित्रकूट लाया गया। उनके काफिले में 100 से ज्यादा गाड़ियां शामिल थीं। आश्रम में भक्तों ने रेड कारपेट बिछाया और फूल बरसाए। अंतिम दर्शन के 2 हजार से ज्यादा भक्तों की भीड़ जुटी है। MP के सीएम डा. मोहन यादव ने आश्रम पहुंचकर स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज के अंतिम दर्शन किए। एमपी के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला भी आश्रम पहुंचे थे। स्वामी अड़गड़ानंद महाराज ने अपने गुरुभाई के पार्थिव शरीर के पैरों पर सिर झुकाककर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान यूपी-एमपी बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। चित्रकूट प्रभारी एसपी सत्यपाल सिंह और सतना एसपी हंसराज सिंह स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं। आश्रम से 15 किलोमीटर पहले से पुलिस बल तैनात है। उप्र सतीश कुमार एस रढ के साथ धारकुंडी आश्रम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

रविवार को आश्रम में अंतिम दर्शन के बाद सोमवार को आश्रम की परंपरा के अनुसार उन्हें समाधि दी जाएगी। चित्रकूट सहित आसपास के क्षेत्रों से कई साधु, संत और महंत भी आश्रम पहुंच चुके हैं। सच्चिदानंद महाराज के अंतिम दर्शन के लिए लगातार भक्तों का आश्रम पर आना जारी है। पहले पार्थिव शरीर को एयरबस से लाने की योजना थी, लेकिन बदलापुर आश्रम के लगभग 400 भक्तों के साथ होने के कारण एयरबस सेवा स्थगित कर दी गई। इसके बाद विशेष वाहन से सड़क मार्ग द्वारा पार्थिव शरीर धारकुंडी लाया गया।

102 साल की उम्र में मुंबई महाराज ने अंतिम सांस ली। वह पिछले कई महीनों से मुंबई के आश्रम में रह रहे थे। उन्होंने हाल ही में 1 जनवरी को चित्रकूट स्थित धारकुंडी आश्रम में भक्तों के बीच अपना 102वां जन्मदिवस भी मनाया था। इसके बाद स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए मुंबई ले जाया गया था। स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने के बाद वह बदलापुर आश्रम में रह रहे थे। जहां शनिवार को उनका निधन हो गया। स्वामी जी समय-समय पर आश्रम आने वाले श्रद्धालुओं को वर्चुअल दर्शन और प्रवचन भी देते रहते थे।

## दोस्त के साथ रिश्तेदारी जाते समय ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**चित्रकूट।** चित्रकूट के बरगढ़ कस्बे में रविवार शाम एक युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने दोस्त के साथ बाइक से रिश्तेदारी जा रहा था। उसका दोस्त इस हादसे में बाल-बाल बच गया।

मृतक की पहचान प्रयागराज जिले के कोंधियार थाना क्षेत्र के माही गांव निवासी दिनेश पटेल (27) पुत्र जमुना के रूप में हुई है। वह अपने दोस्त संदीप पुत्र गिरधर सिंह के साथ रीवा जिले के पनवार थाना क्षेत्र के देउरी गांव में संदीप की बहन के यहां जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक एक ईंट लदे ट्रक को ओवरटेक कर रहे थे। इसी दौरान



उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दिनेश पटेल ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विद्या भारती के माध्यमिक विद्यालयों का आंग्ल भाषा आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सकुशल संपन्न

**चित्रकूट।** विद्या भारती द्वारा संचालित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज बेड़ीपुलिया में रविवार को बांदा संकुल का आंग्ल भाषा आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्यामसुंदर मिश्रा एवं प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अंग्रेजी भाषा के प्रमुख प्रशांत कुमार द्विवेदी ने पंचपदी शिक्षा प्रणाली की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डाला। बांदा संकुल के अंतर्गत जनपद महोबा, बांदा एवं चित्रकूट के आचार्य एवं आचायाओं को विषय विशेषज्ञ अजय कुमार त्रिपाठी ने आंग्ल भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस



प्रकार के प्रशिक्षण से आचार्यों की शिक्षण दक्षता में वृद्धि होती है, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त होता है। समापन सत्र में विद्यालय के सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## आबकारी टीम के छापामार अभियान से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य ये चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत कर्वी नगर क्षेत्र के भैरोपागा में छापेमारी कर 600 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही बरामद 40 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई।

जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा कर्वी नगर क्षेत्र के अंतर्गत भैरो पागा में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान लगभग 600 किलोग्राम लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके साथ ही 40 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत



धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए। इस सम्बन्ध में जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के व्यापार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## ग्रामोदय महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पंच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का शुभारंभ ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शाश्वत प्रेरणाश्रोत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ग्रामोदय महोत्सव के मुख्य संयोजक प्रो नन्द लाल मिश्रा ने कहा कि इस पंच दिवसीय समारोह पर खेल कूद, बौद्धिक, सांस्कृतिक, ललितकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सहसंयोजक प्रो ललित कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामोदय व्याख्यान माला, कृषि गोष्ठी एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के पहले दिन खेल परिसर में वालीबॉल और कबड्डी की अंतरसंकायी प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसका संयोजन खेल अधिकारी डॉ विनोद कुमार सिंह ने किया। खेल प्रतियोगिता में डॉ विजय सिंह, डॉ धनंजय सिंह सहित विद्यार्थियों ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ सहभागिता की।

## एयरफोर्स में चयनित जवान का ट्रेनिंग पूरी कर घर आने पर हुआ स्वागत



**चित्रकूट।** होनहार युवा के इंडियन एफरफोर्स में चयनित होकर ट्रेनिंग पूरी करके घर लौटने पर मोहल्लेवासियों ने भव्य स्वागत किया। मानिकपुर कस्बे के शिवनगर निवासी मोहम्मद शरीफ के बेटे मोहम्मद हनीफ का चयन इंडियन एयरफोर्स में हुआ है। मोहम्मद हनीफ एयरफोर्स की ट्रेनिंग पूरी करके अपने घर आए, यहां मोहल्लेवालों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर फूल-माला के जरिए होनहार युवक का स्वागत किया। इस दौरान मोहम्मद हनीफ ने बताया कि वायु सेना में भर्ती के लिए उन्होंने तैयारी की। पांच महीने की बेसिक ट्रेनिंग और दो महीने की ट्रेड ट्रेनिंग पूरी करने के बाद वह आए है। देश की सेवा करने के उद्देश्य से उन्होंने वायु सेना में भर्ती के लिए आवेदन किया था। अब चयन होने के बाद ट्रेनिंग पूरी करके देश की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है।

## ठिठुरन भरी ठंड में गर्म वस्त्र व कंबल पाकर आनंदित हुए आदिवासी परिवार

**चित्रकूट।** ठंड राहत सहयोग अभियान के अंतर्गत मानिकपुर तहसील की रामपुर कल्यानगढ़ पंचायत के बंधवा गांव में अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम द्वारा 51 आदिवासी परिवारों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक गीत से हुआ। इसके बाद संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने अभियान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं और इससे मानवीय संवेदनाओं को बल मिलता है। दिल्ली के उद्योगपति रामनाथ लूथरा एवं प्रशांत लूथरा के सहयोग से आदिवासी परिवारों को कंबल व गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कंबल व गर्म वस्त्र पाकर परिवारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बताया कि अब तक लगभग 1000 आदिवासी परिवारों को कंबल तथा बच्चों व किशोर युवकों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए संस्थान एवं सहयोगियों को भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर संस्थान के अजीत, पूजा, विकास, चुन्नूराम आदि मौजूद रहे।

## पीड़िता ने की न्याय की गुहार

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय कर्वी के पुरानी बाजार भरतपुरी निवासी सलमा बेगम ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि वह विधवा महिला है और पति की पेंशन से अपना जीवन यापन कर रही है। बताया कि बीती 15 जनवरी को वह अपने भाई की छत में धूप लेने के लिए गई थी। इस दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले एक अराजकतत्व ने अपनी छत से गाली-गलौज शुरू कर दिया तथा मना करने पर पथराव किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि पूर्व में भी अराजकतत्व उनके घर पर कई लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर धमकी देने आया था। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## स्वयं सेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के समस्त इकाई के अभिगृहित ग्रामों में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत कुशवाहा बस्ती, अरखन पुरवा, सीतापुर माफी, रानीपुर भट्ट, राघवपुरी, मालकाना आदि गांवों में ग्रामीणों को पेयजल स्वच्छता अभियान और गंदगी से होने वाली बीमारियों तथा उनके निस्तारण से सम्बन्धित जानकारी दी गई। जिसमें ग्रामीण ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों को पास-पड़ोस में सफाई व्यवस्था बनाए रखने, घरों पास की नालियों को बंद रखने तथा नियमित सफाई कराने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि नियमित साफ-सफाई से रोग नहीं होते तथा बीमारियां भी नहीं फैलती हैं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा



योजना की टीम द्वारा ग्रामीणों का सर्वेक्षण भी किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार, डॉ शांत चतुर्वेदी, एस.पी. मिश्रा, भविष्या माथुर, डॉ रमा सोनी, डॉ संजय नायक आदि मौजूद रहे।

# ईरान को लेकर ट्रंप प्रशासन असमंजस में, बातचीत और सैन्य दबाव साथ-साथ जारी

**अमेरिका**

**तनावपूर्ण** माहौल के बीच अमेरिका और ईरान के रिश्तों में फिर हलचल तेज हो गई है। बता दें कि जब दोनों देशों के अधिकारी युद्ध टालने के प्रयास में बातचीत कर रहे थे, उसी दौरान ट्रंप प्रशासन के भीतर यह साफ नहीं था कि अगर सैन्य कार्रवाई होती है तो उसका असली मकसद क्या होगा। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि ईरान के खिलाफ किसी संभावित हमले से वह क्या हासिल करना चाहते हैं।

गौरतलब है कि ट्रंप ने हाल के बयानों में ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना से इनकार नहीं किया है, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार प्रशासन के भीतर न तो कोई स्पष्ट रोडमैप है और न ही इस बात पर सहमति कि सैन्य कार्रवाई के बाद अमेरिका की भूमिका क्या होगी। खुद ट्रंप ने एक टीवी इंटरव्यू में ईरान के सर्वोच्च नेता को लेकर कहा था कि उन्हें ҳबेहद चिंतित होना चाहिएҳ, जिससे बयानबाजी और तेज हो गई।

ट्रंप का दावा है कि जून में अमेरिकी हमलों के बाद भी ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा था। उनके मुताबिक अमेरिका को नए परमाणु ठिकाने की जानकारी मिल गई थी और ईरान को सख्त चेतावनी दी गई थी। हालांकि ट्रंप ने अब तक सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया है कि उनका लक्ष्य ईरानी शासन को गिराना है, उसे कमजोर करना है या केवल परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों पर नई पाबंदियां लगवाना है।

इसी बीच विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका केवल परमाणु मुद्दे तक सीमित बातचीत नहीं चाहता। उनका कहना है कि बैलिस्टिक मिसाइलों की रेंज, क्षेत्र में ईरान के समर्थित गुटों और देश के भीतर मानवाधिकार हालात पर भी चर्चा जरूरी है। हालांकि ईरान लगातार कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है और वह मिसाइल क्षमता या क्षेत्रीय समर्थन पर कोई बातचीत नहीं करेगा।



शुक्रवार को ओमान की मध्यस्थता में मस्कट में अप्रत्यक्ष बातचीत हुई, जहां ओमानी विदेश मंत्री ने अलग-अलग ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधियों से मुलाकात की। ईरान ने इन वाताओं को सिर्फ परमाणु मुद्दे तक सीमित बताया है। अमेरिका की ओर से कहा गया कि राष्ट्रपति के पास कई विकल्प हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक करना उनकी रणनीति का हिस्सा नहीं है।

पिछले कुछ हफ्तों में ट्रंप के रुख में लगातार बदलाव देखने को मिला है। पहले उन्होंने ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन में सैन्य कार्रवाई की धमकी दी थी, फिर दावा किया कि ईरान ने दमन रोक दिया है और अब बातचीत का रास्ता अपनाया जा रहा है। इससे यह सवाल और गहरा गया है कि अगर बातचीत विफल होती है तो अमेरिका किस स्तर तक जाएगा।

मौजूदा हालात में अमेरिकी सेना ने पश्चिम एशिया में अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है। एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन और उसके साथ कई युद्धपोत ईरान की मारक दूरी के करीब पहुंच रहे हैं। इसके अलावा लड़ाकू विमान, वायु रक्षा प्रणालियां और लंबी दूरी की मिसाइलें भी क्षेत्र में तैनात की गई हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह कदम मौजूदा तनाव के मद्देनजर है, न कि किसी तय हमले की तैयारी।

तनाव के बीच हाल ही में एक ईरानी ड्रोन को अमेरिकी सेना ने मार गिराया, जो कैरियर की ओर आक्रामक तरीके से बढ़ रहा था। वहीं होरमुज जलडमरूमध्य में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड पर एक अमेरिकी व्यापारी जहाज को डराने का आरोप भी लगा है। हालांकि दोनों मामलों में स्थिति बिगड़ने से पहले संभाल ली गई।

# पहले पुतीन से अमेरिका पर चर्चा, फिर जिनपिंग ने की ट्रंप से बात, क्या है चीन का डबल गेम?

**चीन**

**सरकारी** मीडिया ने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। हालांकि, बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया। यह बातचीत शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के बीच अपने देशों की "स्थिरता लाने वाली" साझेदारी की सराहना की। क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन और शी ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर अपने विचार साझा किए और उनके विचार लगभग एक जैसे थे। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पत्रकारों को बताया कि वार्ता 1 घंटे 25 मिनट तक चली और सौहार्दपूर्ण और विश्वासपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

चीनी सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, शी ने पुतिन से कहा कि 2026 की



शुरूआत से अंतरराष्ट्रीय स्थिति लगातार अस्थिर होती जा रही है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, शी ने कहा कि दोनों पक्षों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चीन-रूस संबंध सही दिशा में निरंतर और स्थिर रूप से विकसित होते रहें, इसके लिए उन्हें गहन रणनीतिक समन्वय और प्रमुख शक्तियों के रूप में अधिक सक्रिय और प्रभावी प्रतिबद्धता अपनानी होगी।

शी जिनपिंग को अपना प्रिय मित्र बताते हुए

**चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ लंबी वीडियो कॉल के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की, जिसमें वैश्विक अस्थिरता और रूस-चीन की रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई।**

पुतिन ने भी इसी तरह का रुख अपनाया और कहा कि मॉस्को और बीजिंग के बीच गठबंधन वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण स्थिरता कारक बना हुआ है। रूसी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि रूस-चीन की व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग अनुकरणीय है। शी-पुतिन की वीडियो कॉल अबू धाबी में रूसी, यूक्रेनी और अमेरिकी वातार्कारों के बीच चल रही वार्ता के एक नए दौर के साथ हुई, जिसका उद्देश्य यूक्रेन में लगभग चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करना था। 2022 में रूस के आक्रमण से शुरू हुआ यह संघर्ष द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप का सबसे घातक युद्ध बन गया है और बार-बार किए गए राजनयिक प्रयासों के बावजूद गतिरोध बना हुआ है।

वार्ता का यह नवीनतम दौर ऐसे समय में हो रहा है जब रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बचा हुआ एकमात्र परमाणु हथियार समझौता गुरुवार को समाप्त हो रहा है। ट्रंप और पुतिन परमाणु हथियारों की होड़ को रोकने के प्रयास में समझौते को बढ़ाने या इसकी शर्तों पर पुनर्विचार करने का विकल्प चुन सकते हैं।

# 'हमारे भारतीय मित्र कभी नहीं बदलेंगे'

**रूस**

**रूस** ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उसे विश्वास नहीं है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रूसी तेल का साथ छोड़ेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें कहा गया था कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत नई दिल्ली रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर देगा। मारिया जखारोवा ने बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका द्वारा स्वतंत्र देशों को यह बताना कि उन्हें किसके साथ व्यापार करना चाहिए, कोई नई बात नहीं है।

2 फरवरी को, डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच एक ट्रेड डील की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच महीनों से चल रही बातचीत पर सस्पेंस खत्म हो गया। ट्रंप ने कहा कि इस डील के तहत भारतीय आयात पर आपसी टैरिफ को घटाकर 18% कर दिया जाएगा और यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के साथ भारत के तेल व्यापार को रोकने पर सहमत हो गए हैं। भारत ने बाद में टैरिफ में कटौती की पुष्टि की, लेकिन भारत-रूस ऊर्जा संबंधों के भविष्य पर ट्रंप के दूसरे दावे को स्वीकार नहीं किया।

रूस को 'भारतीय दोस्तों' पर भरोसा

ट्रंप के दावों के कुछ दिनों बाद, रूस की जखारोवा ने कहा कि ट्रंप यह "तानाशाही" करने की कोशिश कर रहे थे कि एक स्वतंत्र देश को क्या करना चाहिए और मॉस्को को विश्वास नहीं था कि उसके "भारतीय दोस्तों" ने रूस के साथ ऊर्जा संबंधों पर अपना रुख बदल लिया है।

जखारोवा ने कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति का यह तय करने की कोशिश करना कि भारत जैसा स्वतंत्र देश किसके साथ व्यापार कर सकता है, कोई नई बात नहीं है। रूस के पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि हमारे भारतीय दोस्तों ने अपना रुख बदल लिया है," उन्होंने आगे कहा कि संसाधनों का व्यापार भारत और रूस दोनों के लिए फायदेमंद था।

समाचार एजेंसी पीटीआई के हवाले से उन्होंने कहा, "हमें पूरा विश्वास है कि भारत द्वारा रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों देशों के लिए फायदेमंद है और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में योगदान देती है। हम भारत में अपने भागीदारों के साथ इस क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं।"

'भारत किसी भी देश से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है'

जहां जखारोवा ने विश्वास जताया कि ट्रंप के तेल के दावे के बाद भारत अपनी ऊर्जा व्यापार नीतियों में बदलाव नहीं करेगा, वहीं रूस के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने एक अलग राय पेश करते हुए कहा कि भारत किसी भी देश से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है।

पीटीआई के अनुसार, दिमित्री पेसकोव ने कहा, "हम, अन्य सभी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा विशेषज्ञों के साथ, अच्छी तरह से जानते हैं कि रूस भारत को तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का एकमात्र आपूर्तिकर्ता नहीं है।

# बलूचिस्तान में घिरी पाकिस्तान आर्मी ?




**पाकिस्तान**

**बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका "ऑपरेशन हेरोफ ҳҳ" लगातार छठे दिन भी जारी है और उसने पाकिस्तान के सैन्य मीडिया विंग द्वारा जारी बयानों को दुष्प्रचार करार दिया है। ये दावे बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जियांद बलूच द्वारा 5 फरवरी को जारी एक बयान में किए गए। जियांद बलूच के बयान के अनुसार, बीएलए ने कहा कि ऑपरेशन हेरोफ ҳҳ दृढ़ संकल्प, निरंतरता और सैन्य सफलता के साथ जारी है।

बयान में कहा गया है कि पाकिस्तानी सरकार या उसके मीडिया तंत्र, जिसमें अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) भी शामिल है, द्वारा ऑपरेशन के समापन के संबंध में किए गए किसी भी दावे को तब तक झूठा माना जाना चाहिए जब तक कि बीएलए स्वयं इसकी समाप्ति की घोषणा न कर दे। बयान के अनुसार, ऐसे दावे जमीनी हकीकतों को नहीं दर्शाते और बलूच आबादी के बीच इनकी विश्वसनीयता कम है।

बयान में आरोप लगाया गया कि ऑपरेशन के दौरान आईएसपीआर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्तियां विरोधाभासी और भ्रामक थीं। इसमें दावा किया गया कि ऑपरेशन के पहले दिन पाकिस्तानी अधिकारियों ने इसके समापन और सभी हमलावरों के खात्मे की घोषणा की थी, एक ऐसा दावा जिसे बीएलए के अनुसार पिछले छह दिनों से प्रतिदिन दोहराया जा रहा है। बयान में आगे आरोप लगाया गया कि ये बार-बार किए गए दावे युद्धक्षेत्र और कथात्मक क्षेत्र दोनों में विफलताओं को दशार्ते हैं।

# अपने नागरिकों को दी चेतावनी, तुरंत ईरान छोड़ो

**ईरान**

**ईरान** में स्थित वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को बढ़ते तनाव के मद्देनजर अपने नागरिकों को 'तुरंत ईरान छोड़ने' की चेतावनी दी। सलाह में कहा गया है कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सड़कों का बंद होना, सार्वजनिक परिवहन में बाधा और इंटरनेट का अवरुद्ध होना जारी है। ईरान सरकार मोबाइल, लैंडलाइन और राष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क तक पहुंच को प्रतिबंधित करना जारी रखे हुए है। एयरलाइंस ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द करना जारी रखे हुए हैं।

इसमें आगे कहा गया कि अमेरिकी



नागरिकों को इंटरनेट की निरंतर रुकावटों के लिए तैयार रहना चाहिए, संचार के वैकल्पिक साधनों की योजना बनानी चाहिए और यदि ऐसा करना सुरक्षित हो, तो आर्मेनिया या तुर्की के लिए सड़क मार्ग से ईरान छोड़ने पर विचार करना चाहिए। बयान में कहा गया कि ईरान तुरंत छोड़ दें। ईरान छोड़ने की ऐसी योजना बनाएं जो अमेरिकी सरकार की मदद पर निर्भर न हो। उड़ानें बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द और बाधित हो सकती हैं। अपडेट के लिए सीधे अपनी एयरलाइंस से संपर्क करें। यदि आप नहीं निकल सकते, तो अपने घर या किसी अन्य सुरक्षित इमारत में सुरक्षित स्थान ढूंढें। भोजन, पानी, दवाएं और अन्य आवश्यक वस्तुओं का भंडार रखें। बयान में आगे कहा गया है कि प्रदर्शनों से बचें, सतर्क रहें और अपने आस-पास के माहौल पर नजर रखें। ताजा खबरों के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखें। अपनी योजनाओं में बदलाव के लिए तैयार रहें। अपना फोन चार्ज रखें और अपने परिवार और दोस्तों से संपर्क बनाए रखें।

# पाकिस्तान की क्रूरता का होगा पदार्फाश !

**पाकिस्तान**

**बलूच** नेता मीर यार बलूच ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों, यूरोपीय संसद के सदस्यों, मानवाधिकार संगठनों, ओआईसी सदस्य देशों, अंतरराष्ट्रीय समुदाय, वैश्विक मीडिया और मानवाधिकार रक्षकों को बलूचिस्तान आने का निमंत्रण दिया ताकि वे उन जमीनी हकीकतों को देख सकें जिन्हें पाकिस्तान और उसकी सेना कथित तौर पर छिपा रही है। मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए अपने पोस्ट में मीर यार बलूच ने कहा कि बलूचिस्तान गणराज्य इस क्षेत्र का दौरा करने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मेहमानों और गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेगा।

उन्होंने दावा किया कि बलूच प्रतिनिधियों, स्थानीय अधिकारियों और जनता के सहयोग से, आने वाले प्रतिनिधिमंडलों को बलूचिस्तान के सभी हिस्सों में यात्रा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। पोस्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों को बलूचिस्तान में कथित सामूहिक कब्रों पर भी ले जाया जाएगा, जहां डीएनए नमूने एकत्र किए जा सकते हैं और दशकों से लापता व्यक्तियों के परिवारों से उनका मिलान किया जा सकता है।

मीर यार बलूच ने आरोप लगाया कि इन व्यक्तियों को पिछले आठ दशकों से पाकिस्तानी सेना द्वारा जबरन हिरासत में लिया गया था और कहा कि ऐसे कदम पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने में मदद करेंगे। पोस्ट में आगे दावा किया गया कि आने वाले प्रतिनिधिमंडलों को डेरा बुगती और सुई में गैस क्षेत्र, सैंदक और रेको



दीक में सोने की खदानें और मच, हरनाई और चामलिंग में कोयले की खदानें दिखाई जाएंगी, ताकि वे स्थानीय बलूच लोगों के शोषण को देख सकें।

उन्होंने कहा कि इन यात्राओं से अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बलूचिस्तान पर कब्जे को देखने और बलूच स्वतंत्रता के लिए समर्थन की अभिव्यक्तियों को दर्ज करने का अवसर मिलेगा। मीर यार बलूच ने जोर देकर कहा कि निमंत्रण स्वीकार करने से पाकिस्तान के राजनयिक कथनों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उत्पन्न संदेह और गलतफहमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूच प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का आह्वान किया और कहा कि बलूचिस्तान की स्थिति, जिसमें पाकिस्तानी सेना द्वारा कथित दमन और क्रूरता शामिल है, को सीधे उन्हीं से सुना जाना चाहिए। अपने पोस्ट में उन्होंने पाकिस्तान की इस बात के लिए आलोचना की कि वह कथित युद्ध अपराधों को उचित ठहराने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष बलूचिस्तान को "आतंकवाद" का नाम दे रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# विनाशकारी हथियारों की दौड़ का बढ़ा खतरा-डोनाल्ड ट्रंप


**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नए और आधुनिक परमाणु समझौते की जरूरत पर जोर दिया है। बता दें कि अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार नियंत्रण संधि न्यू स्टार्ट की अवधि खत्म होते ही ट्रंप ने यह टिप्पणी की, जिससे एक नई वैश्विक हथियार दौड़ की आशंका पर चर्चा तेज हो गई है।

गौरतलब है कि न्यू स्टार्ट संधि वर्ष 2010 में हस्ताक्षरित हुई थी, जिसने दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों अमेरिका और रूस के परमाणु हथियारों की संख्या पर सीमाएं तय की थीं। इस समझौते को पहले बराक ओबामा के कार्यकाल में लागू किया गया और बाद में जो बाइडन प्रशासन ने इसे आगे बढ़ाया था। ट्रंप ने इसे ҳखराब तरीके से तय किया गयाҳ समझौता बताते हुए आरोप लगाया कि इसका खुले तौर पर उल्लंघन किया गया है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, ट्रंप प्रशासन लंबे समय से चाहता रहा है कि किसी भी नए परमाणु समझौते में चीन को भी शामिल किया जाए। हालांकि चीन ने सार्वजनिक रूप से इस दबाव को खारिज कर दिया है और कहा है कि उसके परमाणु हथियार अमेरिका और रूस के स्तर के नहीं हैं। चीनी विदेश मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा हालात में वह परमाणु निरस्त्रीकरण वार्ता में शामिल नहीं होगा।

इस बीच व्हाइट हाउस की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि न्यू स्टार्ट की समय-सीमा खत्म होने के बाद अमेरिका और



रूस के बीच उसकी शर्तों को अस्थायी रूप से मानने को लेकर कोई आपसी सहमति नहीं है। रूस पहले ही इस संधि के तहत निरीक्षण प्रक्रिया से हट चुका था और अब उसने यह भी कह दिया है कि वह परमाणु हथियारों की संख्या पर किसी सीमा को बाध्यकारी नहीं मानता।

हालांकि परमाणु नियंत्रण को लेकर गतिरोध बना हुआ है, इसके बावजूद ट्रंप ने रूस के साथ कूटनीतिक संवाद दोबारा शुरू किया है। बीते वर्ष उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अलास्का आने का न्योता भी दिया था। हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध को लेकर अबू धाबी में हुई बातचीत के बाद रूस के साथ सैन्य संवाद फिर शुरू करने की घोषणा की है।

परमाणु हथियार नियंत्रण से जुड़े विशेषज्ञों और संगठनों ने चेतावनी दी है कि न्यू स्टार्ट के खत्म होने से परमाणु स्थिरता कमजोर होगी। कई पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों ने अमेरिका और रूस से अपील की है कि जब तक नया समझौता नहीं होता, तब तक पुरानी सीमाओं का पालन जारी रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने भी इसे दशकों की कूटनीतिक उपलब्धियों के लिए बेहद नाजुक दौर बताया है।

नाटो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूस की परमाणु भाषा को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए संयम बरतने की अपील की है। वहीं विश्लेषकों का कहना है कि चीन का परमाणु जखीरा भले ही तेजी से बढ़ रहा हो, लेकिन वह अभी भी अमेरिका और रूस से काफी छोटा है।

ऐसे में मौजूदा हालात में किसी नए व्यापक परमाणु समझौते की राह आसान नहीं दिखती, लेकिन इसके बिना वैश्विक सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता और जोखिम दोनों बढ़ते जा रहे हैं और यही चिंता इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में हैं।